कानपुर से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकजन संदेश

विश्वास तोड़ते नहीं, सच छोड़ते नहीं

वर्ष:9, अंक: 336
पृष्ठ : 8
कानपुर महानगर,
सोमवार
22 अप्रैल, 2024
मूल्य रु. 2.00





1 हर वर्ष की भांति धूम-धाम के साथ
2 थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चैकिंग के दौरान
3 लाइन टेस्टिंग के उपरांत जल्द ही चालू होगी


## न्यूज गैलरी

### राहुल गांधी ने वीडियो साझा कर भारतीय रेलवे की बदहाली पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारतीय रेलों की बदहाली को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस सांसद ने रविवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर केरल एक्सप्रेस का एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो में, यात्रियों को टॉयलेट के गेट के बाहर लेटकर सफर करते देखा जा सकता है। इतना ही नहीं एक यात्री तो टॉयलेट के अंदर सोते दिखाई दे रहा है। हैरानी की बात यह है कि ये वीडियो केरल एक्सप्रेस के एसी कोच का है, जिसमें इतनी भीड़ है कि पैर तक रखने की जगह दिखाई नहीं दे रही है।राहुल गांधी ने इस वीडियो को साझा करते हुए मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, %नरेंद्र मोदी के राज में 'रेल का सफर' सज़ा बन गया है! आम आदमी की ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ 'एलीट ट्रेनों' का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित हो रहा है। लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी अपनी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, आम आदमी ज़मीन पर और टॉयलेट में छिप कर यात्रा करने को मजबूर है। मोदी सरकार अपनी नीतियों से रेल को कमज़ोर कर 'अयोग्य' साबित करना चाहती है, ताकि उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना मिल सके। आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।

### घर पर मतदान करने के तुरंत बाद 99 वर्षीय व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली। केरल के कोट्टायम जिले में 99 वर्षीय एक व्यक्ति की लोकसभा चुनाव के लिए अपने घर में वोट डालने के तुरंत बाद मौत हो गई। परिवार के सदस्यों ने रविवार को यह जानकारी दी। पाला के मनकुन्नु के मूल निवासी ए. के. रमन नायर अपने पोते के साथ रहते थे। उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे और निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू की गई घर से वोट की सुविधा के तहत शनिवार को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के कुछ ही मिनटों के बाद उनकी मौत हो गई।नायर को दो दिन पहले अस्पताल से छुट्टी दी गई थी।

# मोदी ने बदली भारत की राजनीतिक परिभाषा, जेपी नडडा ने पीएम की तारीफ में पढ़े कसीदे



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी जी ने भारत में राजनीति की परिभाषा ही बदल दी है। पहले, राजनीति केवल झूठे वादों और वोट-बैंक के बारे में थी! लेकिन अब, पीएम मोदी जी के नेतृत्व में, राजनीति मतदाताओं के प्रति जिम्मेदारी के बारे में है। अब यह वोट बैंक की राजनीति नहीं, बल्कि रिपोर्ट कार्ड की राजनीति है!जेपी नड्डा ने आगे कहा, %पहले देश में राजनीतिक दल चुनाव के दौरान अच्छे नारे लगाते थे, लोकलुभावन वादे करते थे और चुनाव के बाद भूल जाते थे। वे वोटबैंक की राजनीति करते थे। इलाके को इलाके से लड़ाना, जाति से जाति से लड़ाना, धर्म को धर्म से लड़ाकर, लोगों को विभाजित करके सत्ता तक आने का रास्ता प्रशस्त करते थे। मोदी जी के आने के बाद भारत की राजनीति, मतदाता के प्रति जिम्मेदारी की राजनीति हो गई। वोटबैंक की राजनीति की जगह रिपोर्ट कार्ड की और विकास की राजनीति हो गई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पहले देश में राजनीतिक दल चुनाव के दौरान अच्छे नारे लगाते थे, लोकलुभावन वादे करते थे और चुनाव के बाद भूल जाते थे। वे वोटबैंक की राजनीति करते थे।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जनता से कहा, %आपने देश को स्थिर सरकार दी, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धार्मिक प्रताड़ना की वजह से भारत आए शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए हमने ष्ट लागू किया। क्क सरकार के दौरान क्या था... भ्रष्टाचार करो, परिवारवाद बढ़ाओ, मलाई खाओ, मौज उड़ाओ और जनता को भूल जाओ।नड्डा ने कहा, हम अपने देश के लोगों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गरीबों, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों, किसानों और युवाओं का कल्याण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता रही है। हमारी सरकार ने घोषणा की है कि वह देश के गरीबों के लिए 3 करोड़ नए पक्के घर बनाएगी। साथ ही मोदी जी के शानदार नेतृत्व में आयुष्मान भारत योजना देश में लाखों लोगों की जान बचाकर रहेगी।% उन्होंने आगे कहा, पहले गांवों में महिलाएं, सुबह उठकर जंगल जाती थीं, लकड़ी काट कर लाती थीं, तब खाना बनाती थीं। आज 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन देकर मोदी जी ने उन्हें धुएं से आजाद कर दिया। उन्हें सशक्त किया।लोगों से नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के आग्रह करते हुए नड्डा ने कहा, आज, भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जिसने हम पर लगभग दो शताब्दियों तक शासन किया! यह मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व के बिना संभव नहीं होता।

# यही समय है, सही समय है.... भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, स्मारक टिकट और सिक्का भी किया जारी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपन में 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस महोत्सव के उद्घाटन पर पीएम मोदी ने एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया। इसके बाद सभी देशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने अपना संबोधन शुरू किया। पीएम मोदी ने कहा, %भारत मंडपम का ये भव्य भवन आज भगवान महावीर के 2,550वें निर्वाण महोत्सव के आरंभ का साक्षी बन रहा है। अभी हमने भगवान महावीर के जीवन पर विद्यार्थी मित्रों द्वारा तैयार किए चित्रण को देखा। युवा साथियों ने %वर्तमान में वर्धमान% सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती भी ?की। हमारे अनादि मूल्यों के प्रति, भगवान महावीर के प्रति युवा पीढ़ी का ये आकर्षण और समर्पण, ये विश्वास पैदा करता है कि देश सही दिशा में जा रहा है। उन्होंने कहा, %चुनाव के कठिन समय में ऐसे पवित्र कार्यक्रम में शामिल होना मेरे दिल और दिमाग को अत्यंत शांति दे रहा है।पीएम मोदी ने कहा, %भगवान महावीर का ये 2,550वां निर्वाण महोत्सव हजारों वर्ष का एक दुर्लभ अवसर है। ऐसे अवसर कई विशेष संयोगों को भी जोड़ते हैं। ये वो समय है, जब भारत अमृतकाल के शुरुआती दौर में है। देश आजादी के शताब्दी वर्ष को स्वर्णिम शताब्दी बनाने के लिए काम कर रहा है।% उन्होंने आगे कहा, %इस साल हमारे संविधान को भी 75 वर्ष होने जा रहे हैं। इसी समय देश में एक बड़ा लोकतांत्रिक उत्सव भी चल रहा है। देश का विश्वास है कि यहीं से भविष्य की नई यात्रा शुरू होगी, मेरा आप लोगों से जुड़ाव बहुत पुराना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इस साल हमारे संविधान को भी 75 वर्ष होने जा रहे हैं। इसी समय देश में एक बड़ा लोकतांत्रिक उत्सव भी चल रहा है। देश का विश्वास है कि यहीं से भविष्य की नई यात्रा शुरू होगी... मेरा आप लोगों से जुड़ाव बहुत पुराना है। पीएम मोदी ने कहा, भारत न केवल विश्व की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यता है, बल्कि मानवता का सुरक्षित ठिकाना भी है। ये भारत ही है, जो... स्वयं के लिए नहीं, सर्वम के लिए सोचता है। स्व की नहीं, सर्वस्व की भावना करता है। अहम नहीं, वहम की सोचता है। इति नहीं, अपरिमित में विश्वास करता है। नीति और नियति की बात करता है। पिंड में ब्रह्मांड की बात करता है। विश्व में ब्रह्म की बात करता है। जीव में शिव की बात करता है।% उन्होंने आगे कहा, %देश के लिए अमृत काल का विचार सिर्फ एक बड़े संकल्प के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमें अमरता और शाश्वतता का एहसास कराने वाली भारत की आध्यात्मिक प्रेरणा भी है। यह हमारा दूरदर्शी दृष्टिकोण है जो भारत को न केवल सबसे पुरानी जीवित सभ्यता बनाता है बल्कि मानवता के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल भी बनाता है! पीएम मोदी ने कहा, आज देश की नई पीढ़ी को ये विश्वास हो गया है कि हमारी पहचान, हमारा स्वाभिमान है।

# राम नवमी पर गैर भाजपा शासित राज्यों में हिंसा 'तुष्टीकरण की नीतियों का नतीजा : सीएम योगी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि गैर-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों में रामनवमी पर हुई हिंसा 'तुष्टीकरण की नीतियों' का नतीजा है। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर जाने से पहले यहां अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर कहा, '' गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा तुष्टीकरण की नीतियों का दुष्परिणाम है। पश्चिम बंगाल के साथ-साथ गैर भाजपा शासित प्रदेशों में रामनवमी और होली पर जो दंगे हुए, यह बहुसंख्यक समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।'' उन्होंने कहा, '' तुष्टिकरण के नाम पर वोट बैंक की राजनीति ने इस तरह के सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है। यह चिंता का विषय है और देश की जनता के लिए संदेश है।'' योगी ने सवाल किया, '' जब ये लोग रामनवमी पर शांतिपूर्ण जुलूसों को सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकते तो वे बहनों और बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं।'' उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने वोट के जरिए उन ''तथाकथित धर्मनिरपेक्ष लोगों और पार्टियों'' को संदेश दें जो हमारी भावनाओं से खेलते हैं। योगी ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में जनता-जनार्दन से संवाद करने और उत्तर प्रदेश व अयोध्या का संदेश उन तक पहुंचाने का अवसर मुझे प्राप्त होगा।

# भाजपा रच रही केजरीवाल की हत्या की साजिश ?



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इन सब के बीच रविवार को आम आदमी पार्टी ने एलजी विनय कुमार सक्सेना और तिहाड़ प्रशासन के खिलाफ बड़ा खुलासा किया। दिल्ली सरकार के मंत्री और आप के नेता सौरव भरद्वाज ने रविवार सुबह एक प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें उन्होंने गंभीर दावा करते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार तिहाड़ जेल में दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश रची जा रही है। आप के नेता सौरव भारद्वाज ने कहा, अरविंद केजरीवाल की शुगर लगातार बढ़ रही है। उन्हें इंसुलिन की सख़्त जरूरत है। केजरीवाल जेल प्रशासन से इंसुलिन देने और अपने डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए बात करने के लिए कह रहे हैं। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार, जेल प्रशासन और श्वष्ठ ना ही इंसुलिन दे रहे हैं और ना ही डॉक्टर से बात करने दे रहे हैं। भारद्वाज ने सबूत पेश के तौर पर एक तिहाड़ जेल के डीजी का पत्र दिखाया और कहा, %अब तक जेल प्रशासन कह रहा था कि इनके पास सब कुछ उपलब्ध है। डायबिटीज़ स्पेशलिस्ट डॉक्टर है। अब जेल के ष्ठत्र ने कल ही ढ्ढद्बस् को पत्र लिखकर कहा है कि हमें एक डायबिटोलॉजिस्ट (डायबिटीज़ स्पेशलिस्ट डॉक्टर) की जरूरत है। आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार सबके सामने बेनकाब हो गयी। कल तक ये लोग कह रहे थे कि हमारे पास स्पेशलिस्ट हैं, सब कुछ जेल में मौजूद है। अरविंद केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, अरविंद केजरीवाल पिछले 20 दिनों से जेल में हैं तो अब तक उन्हें जेल का एक सामान्य डॉक्टर मॉनिटर कर रहा था। तो जेल प्रशासन किस आधार पर यह कह रहा था कि उनके पास सब सुविधाएं मौजूद हैं? अब तक जेल प्रशासन कह रहा था कि इनके पास सब कुछ उपलब्ध है। डायबिटीज़ स्पेशलिस्ट डॉक्टर है। अब जेल के DG ने कल ही AIIMS को पत्र लिखकर कहा है कि हमें एक डायबिटीज़ स्पेशलिस्ट डॉक्टर दे दीजिए। भाजपा पर आरोप लगाते हुए भारद्वाज ने कहा, %भाजपा की केंद्र सरकार अरविंद केजरीवाल जी की हत्या करने की साज़िश रच रही है। नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार चाहती है कि अरविंद केजरीवाल की शुगर बढ़ी रहे। उन्हें इंसुलिन ना दी जाए।

# केरल में एक परिचित की मां से प्रियंका गांधी ने की आत्मीयता के साथ बातचीत




पतनमथिट्टा। केरल में चुनाव प्रचार अभियान के लिए गईं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा का उस वक्त एक अलग अंदाज देखने को मिला जब उन्होंने 93 वर्षीय एक महिला से बड़ी ही आत्मीयता के साथ बातचीत की और उन्होंने बुजुर्ग महिला को दिल्ली स्थित अपने आवास पर आमंत्रित किया। बुजुर्ग महिला प्रियंका की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं और उनकी बेटी कांग्रेस नेता की करीबी परिचित है। उन्होंने केरल में अपने व्यस्त चुनाव प्रचार अभियान के बीच कुछ मिनट के लिए बुजुर्ग महिला से फोन पर बात की। प्रियंका ने तीन जनसभाएं कीं और त्रिशूर, पतनमथिट्टा और तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के लिए एक रोड शो किया। पतनमथिट्टा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता एंटो एंटनी ने इस बातचीत के दौरान अनुवादक की भूमिका निभाई। बातचीत के एक 'वीडियो क्लिप' के अनुसार, गांधी ने बुजुर्ग महिला से कहा कि वह हमेशा उनकी बेटी से उनके बारे में सुनकर उनसे बात करना चाहती थी। उन्होंने बुजुर्ग महिला के प्रति अपना प्यार और स्नेह भी जताया और कहा, ''जब आप दिल्ली में रहें तो मुझसे मिलने आएं।'' महिला ने जवाब में उत्साह के साथ कहा, ''हम भी आपसे बहुत प्यार करते हैं।''

# राजनीतिक पार्टी नहीं रही बीजेपी



तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है। उन्होंने लोगों से ''लोकतंत्र को बहाल'' करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा कि भले ही कांग्रेस के घोषणापत्र में विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सत्ता में आने पर इसे निरस्त कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने यह उम्मीद भी जताई कि 'इंडिया' गठबंधन तमिलनाडु की सभी 39 सीट और पुडुचेरी की एक सीट पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।''चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, ''भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो गई है और इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा।''

### पीएम मोदी ने महावीर जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महावीर जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान महावीर का शांति एवं सद्भावना का संदेश 'विकसित भारत' के निर्माण में देश के लिए प्रेरणा है। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्मदिन के अवसर पर महावीर जयंती मनाई जाती है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''महावीर जयंती के पावन अवसर पर देश के समस्त परिवारजनों को मेरी अनंत शुभकामनाएं।'' उन्होंने कहा, ''शांति, संयम और सद्भावना से जुड़े भगवान महावीर के संदेश विकसित भारत के निर्माण में देश के लिए प्रेरणापुंज हैं।

# इंडिया एलायंस के पक्ष में लहर, बीजेपी दक्षिण में साफ और उत्तर में हाफः जयराम नरेश



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद दावा किया कि देश भर में 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में लहर चल रही है और अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दक्षिण भारत में साफ और उत्तर भारत में 'हाफ' (आधी) है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि पहले चरण के मतदान के बाद से भाजपा के नेता घबरा गए हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ट्वीट इसी का एक संकेत है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर शुक्रवार को लगभग 63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पहले चरण का मतदान शुक्रवार को समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्हें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और यह स्पष्ट है कि पूरे भारत में लोग रिकॉर्ड संख्या में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट दे रहे हैं। रमेश ने शनिवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भाजपा का ग्राफ- दक्षिण में साफ़, उत्तर में हाफ।'' उन्होंने दावा किया, ''पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। जमीन की रिपोर्ट से साफ़ हो रहा है कि 'इंडिया' गठबंधन भाजपा से कहीं आगे है। हमने तमिलनाडु और महाराष्ट्र में स्वीप किया है। बिहार, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है।'' रमेश ने कहा, ''कई महत्वपूर्ण राज्यों में भाजपा का प्रदर्शन विशेष रूप से ख़राब रहा है। इन संकेतों के कारण कल से भाजपा के नेता घबराहट में हैं - प्रधानमंत्री का ट्वीट इसी घबराहट का एक संकेत है।'' उनके मुताबिक, भाजपा के प्रत्याशियों ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि इस बार उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी, क्योंकि मोदी की कोई हवा नहीं है? । कांग्रेस नेता ने दावा किया, ''चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री अपने भाषणों और साक्षात्कारों में बिल्कुल निष्प्रभावी नज़र आ रहे हैं। इंडिया गठबंधन पर उनके हमले थके हुए से लग रहे हैं और बेतुकेपन से भरे हैं।

## 10वीं के छात्र को कार ने मारी टक्कर, काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया चालक



संवाददाता मुदिस्सीर अली

गाजियाबाद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे कक्षा 10 के छात्र को कार ने टक्कर मार दी। घायल छात्र मोहित रावत को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंदिरापुरम स्वर्ण जयंती पार्क के पास की घटना है। मोहित रावत और उसका दोस्त साइकिल से स्वर्ण जयंती पार्क में गए हुए थे। तभी वह रोड पर साइकिल चलाने लगे पीछे से कार ने मोहित को टक्कर मार दी और मोहित कार के नीचे आ गया। कार चालक ने काफी दूर तक मोहित को घसीटा रहा और दोस्त बचाने के चिल्लाते रहे। मोहित को गंभीर चोट आई है उसे यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंदिरापुरम स्वर्ण जयंती पार्क के पास की घटना। स्वर्ण जयंती पार्क में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रशासन द्वारा किया गया था। जिसमें हजारों बच्चों ने भाग लिया था।

## थाना बाबूगढ व एएचटीयू की संयुक्त पुलिस टीम ने अनैतिक देह व्यापार में संलिप्त 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



(यूपी हापुड़) संवाददाता मुदिस्सीर अली

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत सोशल मीडिया पर वायरल अनैतिक देह व्यापार संबंधी वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना बाबूगढ व एएचटीयू की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अनैतिक देह व्यापार में संलिप्त 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 1200/- रूपये नकदी, रजिस्टर, मोबाइल फोन व आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई हैं उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबूगढ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1- श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा क्षेत्राधिकारी पिलखुवा जनपद हापुड। 2- श्री पटनीश कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना बाबूगढ जनपद हापुड। 3- निरीक्षक श्री घनेन्द्र कुमार यादव थाना एएचटीयू जनपद हापुड। 4- हे0का0 290 लीलाराम मीणा थाना एएचटीयू जनपद हापुड। 5- हे0का0 546 करणवीर राणा थाना बाबूगढ जनपद हापुड। 6- का0 750 आकाश कुमार पुलिस लाइन जनपद हापुड 7- का0 370 सोनू थाना बाबूगढ जनपद हापुड 8- म0का0 194 पिंकी देशवाल थाना एएचटीयू जनपद हापुड।

## थाना पिलखुवा पुलिस ने थाने केभादवि में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



(यूपी हापुड़) संवाददाता मुदिस्सीर अली

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा थाने के भादवि में वांछित अभियुक्त को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता परवीन पुत्र धर्मसिंह उर्फ धर्मवीर निवासी ग्राम अहमदपुर नया गांव थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. व0उ0नि0 शिव कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड 2. उ0नि0 सतेन्द्र सिंह 3. उ0नि0 यूटी श्री संजय यादव

## थाना पिलखुवा पुलिस ने चैकिंग के दौरान बाद पुलिस मुठभेड़ गौकशी के अभियोग में वांछित अभियुक्त को घायलावस्था में किया गिरफ्तार



(यूपी हापुड़) संवाददाता मुदिस्सीर अली

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान बाद पुलिस मुठभेड़ थाने केगौवध अधिनियम में वांछित चल रहे अभियुक्त को घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा मय जिन्दा व खोखा कारतूस, चोरी की मोटर साइकिल व पशु कटान के उपकरण बरामद हुए हैं उपरोक्त गिरफतारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता सलमान पुत्र सलीम निवासी मौ0 पीर खाँ एक मीनार वाली मस्जिद के पास वार्ड नं0 22 गुलावठी थाना गुलावठी जनपद बु0शहर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार त्रिपाठी थाना पिलखुवा जनपद हापुड 2. उ0नि0 रंजीत सिंह 3. उ0नि0 दिनेश चन्द गौतम 4. है0कां0 231 प्रमेन्द्र सिंह 5. है0कां0161 उमेश चन्द 6. कां0 883 रूचिन मलिक 7. कां0 468 प्रवीन कुमार

## यूपी के 75 जिलों में इंटरमीडिएट में पिछड़ा जिला हापुड़



(यूपी हापुड़) संवाददाता मुदिस्सीर अली

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से शनिवार को जारी किए गए परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह है। परीक्षा के दौश्रान नकल पर नकेल कसना और साल्वर को गिरफतार करने के बाद एनसीआर के जिलों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। हालांकि हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में एनसीआर के गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर टॉप टेन में शामिल रहे। जबकि इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम से एनसीआर के सभी जिले बाहर हो गए शनिवार को जारी हुए यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम को लेकर जहां पास होने वाले परीक्षार्थियों में खुशी की लहर है। वहीं फेल होने वाले परीक्षार्थियों पर शिकन है। प्रदेश सरकार की यूपी बोर्ड परीक्षा में कड़ी सख्ती का परिणाम परीक्षा पर भी देखने को मिला। इसका असर यह रहा कि एनसीआर के जिले जो, शिक्षा के क्षेत्र में बेहद महत्वपूर्ण है, वह पिछड़ गए। हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम पर नजर दौड़ाई जाए तो गौतमबुद्धनगर 95.11 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहा। जबकि उससे पहले भदोही 96.08 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम और प्रयागराज 95.51 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर रहा। चौथे स्थान पर आगरा 94.98 प्रतिशत अंक लाकर रहा। कानपुर नगर 94.38 प्रतिशत अंक लाकर पांचवें और गाजियाबाद 94.29 प्रतिशत अंक लाकर छठवें स्थान पर रहा। हापुड़ 93.16 प्रतिशत अंक लाकर 12वें स्थान पर रहा। इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम की बात करें तो गाजियाबाद जिला 87.85 प्रतिशत अंक लाकर 13वें स्थान पर आया है। 86.17 प्रतिशत अंक लाकर हापुड़ जिला 22वें स्थान पर रहा है। गौतमबुद्धनगर 84.96 प्रतिशत अंक लाकर 32वें स्थान पर रहा है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में पहले स्थान पर 91.27 प्रतिशत अंक लाकर अमरोहा, दूसरे स्थान पर 90.51 प्रतिशत अंक लाकर महोबा, 90.49 प्रतिशत अंक लाकर लखनऊ तीसरे, 90.28 प्रतिशत अंक लाकर सिद्धार्थनगर चौथे और 89.83 प्रतिशत अंक लाकर हमीरपुर पांचवें स्थान पर रहा है

## स्काउट गाइड्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के प्रति किया जागरूक-सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो



(यूपी हापुड़) संवाददाता मुदिस्सीर अली

जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में भारत स्काउट एवं गाइड जिला इकाई द्वारा स्वीप कार्यक्रम-2024 के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को अपने अमूल्य वोट का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया भारत स्काउट और गाइड जिला इकाई के तत्वावधान में मुख्य विकास अधिकारी/ मुख्यायुक्त भारत स्काउट् और गाइड उ0प्र0 जनपद हापुड़ के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पक्का बाग चौराहा पर आर्य कन्या इंटर कॉलेज एवं रामनिवास स्मारक बालिका इंटर कॉलेज के गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिससे जनमानस को 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया गया इस अवसर जिला संगठन आयुक्त स्काउट/ गाइड श्री प्रकाश शर्मा, डाक्टर जया मिश्रा ,नीता कौशिक,रेखा रानी,शिवानी श्रीवास्तव,योगिता शर्मा,पूजा गुप्ता आदि उपस्थित रहे

## थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चैकिंग के दौरान 05 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



(यूपी हापुड़) संवाददाता मुदिस्सीर अली

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 05 अभियुक्तों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से अवैध असलहा बरामद हुआ है उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता 1. बिलाल पुत्र असलम निवासी मौ0 रफीक नगर बुलन्दशहर रोड कोतवाली हापुड़ नगर जनपद हापुड़ (ठण्डी सडक पर चामुन्डा मंदिर से गिरफ्तार) 2. जमील पुत्र शहीद शेख नि0 गली नं0 07 मजीदपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद हापुड (मेरठ रोड से ईदगाह की तरफ ग्राम दौताई से गिरफ्तार) 3. शुभान पुत्र सलाउद्दीन निवासी अहमदनगर गली नं0 28 थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ (फुलड़ी नहर चैक पोस्ट के पास से गिरफ्तार) 4. अय्यूब पुत्र बुन्दू खां निवासी गली नं0 08 मजीदपुरा थाना हापुड नगर जनपद हापुड (नानपुर चौकी के सामने बैरियर से गिरफ्तार) 5. दानिश पुत्र बन्ना निवासी मौ0 ईदगाह रोड गली नं0 1 पुरानी चुंगी थाना हापुड नगर जनपद हापुड (बागडपुर रोड नेहनीड छात्रावास तिराहे के पास से गिरफ्तार) गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1.उ0नि0 विपिन कुमार थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड 2.उ0नि0 राजवीर सिंह थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड 3. उ0नि0 चिंकू सैनी थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड उ0नि0 नवीन कुमार 4.उ0नि0 इन्द्रकान्त यादव 5.उ0नि0 यूटी श्री रामकुमार 6.हे0कां0 420 रविन्द्र 7.हे0कां0 178 महावीर 8. कां0 964 राजकिशोर 9. कां0 602 रिंकू 10. कां0 958 जयवीर गौतम 11. कां0 467 हेमेन्द्र सिंह 12. कां0 717 पीयुष कुमार 13. कां0 791 रवि सोलंकी 14. कां0 910 कृष्णकान्त

## लोकसभा चुनाव ड्यूटी हेतु जनपद लखनऊ की 35वीं बटालियन पीएसी से आए आरक्षी अंकित राव की सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु

(यूपी हापुड़) संवाददाता मुदिस्सीर अली

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हापुड़ अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस लाइन हापुड़ में आरक्षी के पार्थिव शरीर के अन्तिम दर्शन किए गए एवं दिवंगत आत्मा के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शोकाकुल परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी गयी तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा भी शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।



आरक्षी के पार्थिक शरीर को रिजर्व पुलिस लाइन में अन्तिम शोक सलामी देने के उपरान्त उनके शरीर को ससम्मान उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## दो बाईकों की टक्कर में बाइकसवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत,मचा कोहराम

(यूपी हापुड़) संवाददाता मुदिस्सीर अली

थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में देर रात एक बाईक सवार की दूसरी बाईक से टक्कर होंनें पर बाईक सवार की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया जानकारी के अनुसार बुलंदशहर के अनूपशहर के गांव करणपुरा कला निवासी शैलेश (31) मेरठ में बिजली के पैनल बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक सप्ताह पूर्व उसकी पत्नी बच्चों के साथ अपनी बहन और जीजा से मिलने बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव छपकौली गई हुई थी शनिवार रात वह अपनी पत्नी से मिलनें मेरठ से बाबूगढ़ जा रहा था, तभी बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बछलौता मार्ग पर आटा मिल के पास तेज गति से आती हुई एक बाईक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी। जिससे शैलेश गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौकें पर पहुंच घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया



## उपभोक्ताओं ने की एसडीओ से बदतमीजी अस्पताल में भर्ती



(यूपी हापुड़) संवाददाता मुदिस्सीर अली

हापुड़। ट्रांसफार्मर ठीक ना होनें से क्षुब्ध उपभोक्ताओं ने फोन पर एसडीओ से बतनमीजी की, जिससे एसडीओ बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हो गए। मामलें की तहरीर थाने में दी गई है विद्युत वितरण उपखण्ड तृतीय पटना मुरादपुर हापुड़ में तैनात देवेन्द्र कुमार उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि 18 अप्रैल 2024 को विद्युत उपकेन्द्र स्वर्ग आश्रम रोड से जुड़ा एक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे लगभग शाम पांच बजे बदल दिया गया था उन्होंने बताया कि इस दौरान दो लोगों पर फोन करके अभद्रता करने और ङ्क गाली गलौच की, जिससे वे मानसिक तनाव में आकर बीमार हो गया है। मामले की तररीर थानें में दी गई है

# समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में नेताओं ने भरी गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की हुंकार

माधौगढ़(जालौन)। समाजवादी पार्टी के 'जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर' के नेतृत्व में और 'माता प्रसाद पाल अध्यापक डिकौली' की अध्यक्षता में 'अमृता पैलेस माधौगढ़' में समाजवादी पार्टी का तहसील स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका 'संचालन विधानसभा उपाध्यक्ष राम प्रताप पाल' ने किया। सम्मेलन में समाजवादी पार्टी, कांग्रेस,आम आदमी पार्टी,जन अधिकार पार्टी, शोषित समाज पार्टी, ओबीसी महासभा सहित इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए 'जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर' ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 के बीच किसान , नौजवान, बेरोजगार युवाओं के हालात खराब है। 'पूर्व मंत्री श्री रामपाल ने कहा' कि भाजपा सरकार के खिलाफ जो कोई बोलता है उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज रहे हैं। भले लोग डरे सहमे है। लोग न्याय की बात नहीं कह पा रहे हैं। ऐसी तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए लोकसभा प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार को साईकिल का बटन दबाकर जिताने का काम करें । 'पूर्व जिला अध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव' ने कहा कि जनता ने पांच बार भाजपा का सांसद चुना और सांसद मंत्री भी बना लेकिन जनता को कुछ नहीं दिया। अब समय आ गया है कि ऐसे भाजपा सांसद को हटाना है और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार को जिताना है। 'पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा ने कहा कि ने कहा कि इंडिया गठबंधन को जिताना है और भाजपा को भगाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा बार बार झूठ वोल कर जनता को बेवकूफ बना रही है। 'जन अधिकार मंच के मंडल प्रभारी महाराज सिंह कुशवाहा' ने कहा कि बूथ प्रभारी अपनी मतदाता सूची का अवलोकन कर लें। जिनके वोट नहीं बने हैं उनके वोट बनवा लें। 'पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस चौधरी श्याम सुंदर ने कहा' कि भाजपा सरकार द्वारा देश लोगों के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं जो जग जाहिर है। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव 2024 बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। यह संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव हैं। जगराम पूर्व प्रधान, कृष्णा दोहरे,रामबाबू निराला, राज कठेरिया ,प्रेम सिंह, पूर्व प्रधान, ब्रह्मानंद दोहरे,विक्रम दोहरे ,उपेंद्र दोहरे ,जितेंद्र दोहरे हरि सिंह दोहेरे ,लालू दोहरे, उदल दोहरे ,राम प्रताप दोहरे ,गोलू दोहेरे ,नरेंद्र दोहरे, रामपाल जाटव, परमात्मा जाटव ,राजेश बाल्मीकि, प्रिंस, ब्रह्म प्रकाश गौतम, वीर सिंह दोहरे,ऋषि दोहरे ,पप्पू दोहेरे अंशु दोहरे दीपक दोहरे,सहित सैकड़ों दोहरे समाज के लोग बसपा छोड़कर सपा में शामिल हुए ।अंत में जालौन गरौठा 'भोगनीपुर लोकसभा प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार' ने उपस्थित समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अगर आप जिताकर संसद भेजेंगे और गठबंधन की सरकार बनी तो अपनी लोकसभा क्षेत्र के पिछड़े माधौगढ़ क्षेत्र को विकास की ऊंचाई पर ले जायेंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग नारायण दास अहिरवार बनकर क्षेत्र में जायें और भारी मतों से जिताने का सहयोग करें। 'इस मौके' पर सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर पूर्व मंत्री श्री रामपाल, पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय,पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा पूर्व जिला अध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव,, माता प्रसाद पाल, राघवेंद्र प्रताप सिंह,वीरेंद्र सिंह यादव, महेश चंद्र विश्वकर्मा, आप पार्टी के जिला अध्यक्ष विनय चौरसिया,महाराज सिंह कुशवाहा जन अधिकार पार्टी,माता प्रसाद पाल,अनुपम गुर्जर,अशोक दुबे,चौ श्याम सुंदर, गजेन्द्र सिंह राजावत,कमाल खां,राजकुमार त्रिपाठी, राजीव नारायण मिश्रा, पप्पू मिश्रा,भारत सिंह कुशवाहा, विक्रम सिंह यादव राजकुमार प्रजापति, तेज सिंह धूता,, सुरेश याज्ञिक,जंग बहादुर ,बृजमोहन कुशवाहा एडवोकेट, गजेन्द्र पाल,, मुन्नीलाल प्रजापति,जगराम दोहरे प्रधान, बृजभूषण कुशवाहा,, सुखराम पाल,, सुरेश कुशवाहा रामबाबू कुशवाहा,सुरेश याज्ञिक,पतलेश राजपूत, विजय सिंह कुशवाह,




उम्मेद यादव,,ममता कुशवाहा,रश्मी पाल,श्रद्धा चौरसिया,सुधा सिंह राजावत,शकुंतला पटेल,मीरा राठौर, विधानसभा अध्यक्ष परमात्मा शरण फौजी राजू सेंगर, हबीब खां,अजय गौतम योगा निराला, गोविंद विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, सुधीर दोहरे,प्रमोद विश्वकर्मा, छल्लू याज्ञिक, सुनील पाल, रघुराज कठेरिया, आफ्ताब आलम ,दीपक कुशवाहा, ही मेन रजक,हेमंत प्रजापति, सरकार यादव,छेदी लाल प्रजापति, बबलू यादव,कपूर यादव,रामू सेंगर ऊमरी,आशुतोष द्विवेदी, देवेंद्र यादव टीटू, ऋषभ गुप्ता मनोज चौधरी,, राजकुमार फतेहपुर, देवेंद्र यादव, रूद्र पाल यादव, राजेश भैलावली,सत्येंद्र गुर्जर सहित सैकड़ों इंडिया गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांस्टेबल को नही दी छुट्टी,प्रसव पीड़ा से पत्नी व नवजात की मौत

उरई(जालौन)। । जालौन जिले के थाना रामपुरा में तैनात कांस्टेबल विकास निर्मल अपने परिवार के साथ रहता है उसकी पत्नी गर्भवती थी । गर्भ का अंतिम माह चल रहा था विकास ने थाना प्रभारी अर्जुन सिंह को अवकास हेतु प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन थाना प्रभारी ने अवकाश का प्रार्थना यह कहकर अस्वीकृत कर दिया क्योंकि लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक है इसलिए किसी को भी अवकाश नहीं दिया जाएगा तभी रविवार को विकास की पत्नी को प्रसव पीड़ा होती है जिसको इलाज के लिए चिकित्सालय जाना अत्यंत आवश्यक था लेकिन थाना प्रभारी की हठधर्मिता के चलते विकास अपनी पत्नी को अवकाश न मिलने के कारण प्रसव के लिए चिकित्सालय नहीं ले जा सका अत्यधिक प्रसव पीड़ा के चलते विकास की पत्नी व नवजात की जान चली गई तब जाकर पुलिस के मुखिया ने अवकाश संबंधी गाइड लाइन जारी की कि किसी को भी अवकाश से वंचित न किया जाय यदि कोई थाना प्रभारी अवकाश देने से मना करता है तो पुलिस अधीक्षक के सीयूजी पर सीधे शिकायत कर सकता है लेकिन यह गाइड लाइन जारी तब हुई जब महिला व उसके बेकसूर नवजात की जान चली गई।

## लाइन टेस्टिंग के उपरांत जल्द ही चालू होगी बिधुत आपूर्ति-एस डी ओ



कोंच(जालौन)। मुहल्ला पटेल नगर रेलवे क्रासिंग पर अंडर पास बिधुत लाइन निकली हुई है जिसमें फाल्ट आ जाने के कारण बिधुत सप्लाई बाधित हो गयी है जिसके कारण नगर के कई मुहल्लों को बिधुत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है जिसे जल्द से जल्द ठीक करने का प्रयास उपखण्ड अधिकारी द्वारा किया जा रहा है जिन्होंने रेलवे बिभाग के सक्षम अधिकारियों से सम्पर्क कर कार्य योजना तैयार कर ली है और उसे जल्द ही अमली जामा पहनाया जाएगा मामला पंजाब नेशनल बैंक के नजदीक रेलवे फाटक का है जिसके नीचे से बिधुत बिभाग द्वारा 11 हजार बोल्ट की लाइन बच केबिल के साथ डाली गई है लेकिन दिन शनिवार को उक्त केबिल में फाल्ट आ जाने के कारण बिधुत पॉवर हाउस प्रथम की सप्लाई बाधित हो गई और नगर के कई मुहल्ले में बिधुत आपूर्ति ठप्प हो गयी लेकिन बिधुत बिभाग के तेज तैयार एस डी ओ अनिरुद्ध कुमार मौर्य ने तत्काल ही मामले का संज्ञान लिया और नागरिकों की समस्या को गम्भीरता से लेते हुए अपनी कार्य प्रणाली का परिचय देते हुए अलग अलग क्षेत्रों से घण्टों के हिसाब से बिधुत आपूर्ति शुरू कर दी जिससे नागरिकों को आवश्यक बिधुत आपूर्ति उपलब्ध हो सके और द्वतीय चरण के लिए अपने कर्मचारियों के साथ दिन रविबार को माइनर टेस्टिंग हेतु मशीन को बुलवा लिया और लाइन फाल्ट को ढूढने का प्रयास शुरू कर दिया वही एस डी ओ ने बताया कि हमने रेलवे बिभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर फाल्ट को ठीक करने के लिए अनुमति मांगी है जिसपर जल्द ही रेलवे बिभाग के साथ हमारे बिभाग के कर्मचारी भी फाल्ट को ठीक करके बिधुत आपूर्ति बहाल कराएंगे नागरिकों से अपील है कि जो बिधुत व्यबस्था आपूर्ति बहाल करने में जो समय लग रहा है उसके लिए बिधुत बिभाग को खेद है।

## एसडीएम, सीओ ने मीटिंग लेकर लोकसभा चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा



कालपी(जालौन)। क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, सहायक परिवहन अधिकारी की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में थानेदारों व चौकी इंचार्जों की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर आगामी लोकसभा चुनाव को शांति एवं निर्भीकता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए बैठक करके जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

रविवार को कोतवाली में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी के द्वारा चुनावी तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि थानेदार तथा चौकी इंचार्ज अपने-अपने क्षेत्र में विशेष नजर बनाए रखे शरारती तत्वों व उत्पात मचाने वालों पर कठोर कार्यवाही करें। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि सभी पोलिंग बूथों तथा ग्रामों का भ्रमण किया जा चुका है, संदिग्ध आचरण के क्रियाशील लोगों को सूची तैयार करके निरोधात्मक कार्रवाई पुलिस के द्वारा की जा रही है। इसके अलावा गैंगस्टर एक्ट तथा गुंडा अधिनियम के अंतर्गत चिन्हित आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वही शास्त्रों को भी जमा कराया जा चुका है। कोतवाल कामता प्रसाद तथा अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के अनुरूप मतदान को शांति पूर्वक तरीके से संपन्न कराया जाएगा। इसलिए सभी लोग सतर्कता बनाए रखें, गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह, टरननगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह, उपनिरीक्षकों ब्रजनन्दन सिंह, महेश कुमार, राजेश कुमार के अलावा पुलिस जवान मौजूद रहे।

## विधानसभा बार चुनावप्रभारी नियुक्त किये कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने

उरई(जालौन)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष धीरेंद्रशुक्ला ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए विधानसभा बार प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। यहां जारी विज्ञप्ति में कांग्रेस जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के निर्देश पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी सह प्रभारी उत्तर प्रदेश तथा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र कालपी में सुरेंद्र सिंह सरसेला पूर्व विधायक प्रतिनिधि मेराज सिद्दीकी पूर्व जिला अध्यक्ष युवक कांग्रेस और मनोज जाटव नगर अध्यक्ष कालपी को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया। इसी तरह विधानसभा माधवगढ़ में सिद्धार्थ दीबोलिर्या पूर्व विधायक प्रत्याशी माधवगढ, सरिता आनंद अग्रवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कोच, राघवेंद्र तिवारी नगर अध्यक्ष कोच और उरई विधानसभा क्षेत्र में श्रीमती उर्मिला सोनकर खावरी पूर्व प्रत्याशी उरई जालौन विधानसभा क्षेत्र, चंद्रशेखर वर्मा पीसीसी सदस्य, मजहर खान वरिष्ठ कांग्रेस नेता को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में तीन युवक हुए घायल

कालपी(जालौन)। बीती रात को सड़क दुर्घटना बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए, तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराकर चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार ने घायलों का उपचार किया। शनिवार देर रात समीपवर्ती ग्राम डिलौलिया कानपुर देहात निवासी तीन लोग सड़क मार्ग से गांव जा रहे थे, तभी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार तुलसीदास पुत्र रामसनेही उम्र 18 वर्ष, बलदेव पुत्र चरनसिंह उम्र 14 वर्ष तथा विमल पुत्र चरण सिंह उम्र 19 वर्ष घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराकर इलाज कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## मार्ग दुर्घटना में घायलों को सीएससी में कराया भर्ती

कालपी(जालौन)। अलग-अलग स्थानों में वाहन दुर्घटनाओं में दो बाइक सवाल घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कालपी में भर्ती कराया गया। रविवार को मोहल्ला दमदमा निवासी सफीक अंसारी पुत्र हाजी अली हसन मोटरसाइकिल से समीप के ग्राम चौरा जा रहे थे, तभी रास्ते में गिरकर घायल हो गए, उन्हें घायलावस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसी प्रकार ग्राम बारा सिरोही थाना जालौन निवासी श्याम पुत्र सोहनलाल उम्र 25 वर्ष दुर्घटना में घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई।

## उल्टी-दस्त के 20 मरीजों को सीएचसी में कराया भर्ती, डायरिया ने भी पांव पसारे



कालपी(जालौन)। भीषण गर्मी शुरू होते ही हीट स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। सीएचसी में अलग-अलग स्थानों से आए पीड़ित दस्त उल्टी के 20 से अधिक मरीजों को भर्ती कराकर उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों ने भीषण गर्मी से बचाव के लिए सतर्कता बरतने की नसीहत दी है।मालूम हो कि बदलते मौसम में तापमान में भारी वृद्धि होने से भीषण गर्मी पड़ने लगी है। चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार ने बताया कि इमरजेंसी में रात में ड्यूटी के दौरान उल्टी दस्त के मरीजों का आने जाने का सिलसिला लगा रहा। सभी मरीजों को भर्ती करके उपचार किया गया, किसी भी मरीज को रिफर करने की जरूरत नहीं पड़ी। सीएचसी में उल्टी दस्त से पीड़ित 60 वर्षीय महिपाल निवासी ग्राम नरहान, 32 वर्षीय राजवीर निवासी ग्राम बैरई, 75 वर्षीय कलावती निवासी ग्राम बैरई, 60 वर्षीय श्रीराम निवासी मुहल्ला निकासा, स्नेहा निवासी मनीगंज, रेहान निवासी नई बस्ती सहित 20 से अधिक मरीजों को भर्ती करके उपचार किया गया।

**चिकित्सकों ने हीट स्ट्रोक से बचाव के बताए उपाय**

रविवार को सीएचसी में मौजूद चिकित्सक डॉ. गोपाल जी द्विवेदी ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण शरीर में पानी कमी होने लगती है। मरीजों का बदन गर्म होने लगता है तथा उल्टी दस्त के लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि धूप में कम निकलें तथा ताजा भोजन व पानी ग्रहण करें। नींबू पानी, शिकंजी एवं तरल पदार्थ का सेवन करने से डायरिया की समस्या हो सकती हैं। चिकित्साधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि डायरिया के मरीजों के लिए सीएचसी में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## श्री राधा कृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उरई के छात्र-छात्राओं का दबदबा रहा




उरई(जालौन)। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में श्री राधा कृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उरई के छात्र-छात्राओं का दबदबा रहा।श्री राधा कृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उरई के प्रधानाचार्य ने बताया कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 में हर वर्ष की इस वर्ष भी विधालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक 11 छात्र-छात्राओं ने एवं 85 से 90 के बीच 30 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने और 80 से 85 प्रतिशत के बीच 31 छात्र-छात्राओं ने अंक अर्जित कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नामरोशन किया है सभी सफल मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार राजपूत क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने मचाया कहर

जालौन। हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने एक बार फिर अलग अलग जगहों पर खेत में पराली और फसल को निशाना बनाया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौलापुर मौजा में -- का खेत है। उनके लगभग पांच बीघा खेत में गेंहू की फसल कट चुकी थी। खेत में पराली बची थी। रविवार की सुबह खेत के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी खेत में गिरी। जिससे पराली ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग पूरे खेत में फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। उधर, मौजा धौरा खेड़ा में स्थित संतोष यादव के खेत में गेंहू की फसल थी। फसल कटने के बाद उन्होंने करीब पांच बीघा फसल का भूसा बनवा लिया था। जो खेत में ही पड़ा था। आग की चपेट में आकर पूरा भूसा जलकर खाक हो गया। इसके साथ ही आग बढ़कर कुंवरपाल के खेत में पहुंच गई। जहां खेत में खडी डेढ़ बीघा बेझर की फसल जलकर राख हुई। वहीं, भूरे यादव के तीन बीघा खेत की पराली भी जल गई। मौके पर मौजूद किसानों ने दमकल को सूचना दी। सूचना पर माधौगढ़, कोंच व उरई से आई दमकल गाड़ियों ने आग पर क़ाबू पाया। वहीं, एसडीएम अतुल कुमार ने संबंधित लेखपालों को मौके पर जाकर नुकसान का आंकलन कर आख्या देने के निर्देश दिए हैं।

## जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच विवाद

जालौन। जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच विवाद हो गया। कोतवाली पहुंचे भाइयों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया भवानीराम निवासी दिनेश कुमार व मुकेश कुमार के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। जमीन के बंटवारे को लेकर रविवार की सुबह दोनों भाइयों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। कहासुी से शुरू हुआ विवाद गाली, गलौज व मारपीट तक पहुंच गया। मारपीट के बाद दोनों भाई कोतवाली पहुंच गए। जहां पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

लोकजन संदेश हिन्दी दैनिक



## संपादकीय

### मिठास का वार

हाल के दिनों में देश में आई जागरूकता के चलते कई ऐसे खुलासे हुए हैं, जिसमें बहुराष्ट्रीय खाद्य उत्पादों के हथकंडों का पता चला है। जिन खाद्य उत्पादों को दशकों से बच्चों की सेहत का राज बताया जा रहा था, परीक्षणों में पाया गया कि तेज मीठे की लत डालकर बच्चों को स्थायी ग्राहक बनाया जा रहा था। जांच के बाद सरकार ने बॉर्नविटा को सेहतवर्धक बताने वाले प्रचार को रोकने के लिये कहा था। अब इस कड़ी में बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले ने सफाई दी है कि उसके शिशु आहार उत्पादों में चीनी की मात्रा घटाई गयी है। यानी इससे पहले बच्चों को इस उत्पाद की आदत डालने के लिये भारत में इसमें अधिक चीनी की मात्रा मिलायी जा रही है। दरअसल, हाल ही में एक स्विस स्वयं सेवी संगठन 'पब्लिक आई' और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के निष्कर्षों से खुलासा हुआ कि नेस्ले कंपनी ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत तथा अन्य विकासशील देशों, अफ्रीका व लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। नेस्ले इंडिया का दावा है कि उसने अब अपने उत्पादों में तीस फीसदी तक चीनी की कटौती की है। उल्लेखनीय है कि यह कंपनी नेस्कैफे, सेरेलैक व मैगी जैसे चर्चित उत्पादों का कारोबार करती है। इस बहुराष्ट्रीय कंपनी का रवैया कितना भेदभावपूर्ण व दुराग्रह से भरा हुआ है कि छह महीने के बच्चों को दिया जाने वाला नेस्ले का गेहूं पर आधारित उत्पाद सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है। लेकिन भारत में सेरेलैक के 15 उत्पादों के अध्ययन के बाद खुलासा हुआ है कि एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी। अन्य विकासशील देश फिलीपींस में चीनी की मात्रा 7.3 ग्राम पाई गई। ऐसा शिशुओं को इसकी लत लगाने और लागत घटाने के मकसद से किया गया। जो निश्चित रूप से शिशुओं के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिससे कई तरह के रोगों का भी जन्म होता है। यह विडंबना ही है कि उपनिवेशवाद के चलते पूरी दुनिया का शोषण करने वाले यूरोपीय व पश्चिमी देश लोकतांत्रिक स्वरूप वाले विश्व में भी व्यापारिक हथकंडों के जरिये विकासशील देशों का दोहन कर रहे हैं। दरअसल, खाद्य पदार्थों व शीतल पेयों में अधिक चीनी व नमक के जरिये युवाओं को भी इन उत्पादों की लत लगाई जाती है। इससे उन्हें एक अलग से खुशी का अहसास होता है। जिससे कालांतर गैर संक्रमणीय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इस अस्वस्थ खाना-पान से कई रोग उत्पन्न होते हैं। इन स्वास्थ्य समस्याओं में वजन बढ़ना, मोटापा और कालांतर मधुमेह जैसे रोग हो सकते हैं। इसी तरह शीतल पेय, डिब्बा बंद जूस तथाकथित एनर्जी ड्रिंक्स तथा बिस्कुट में चीनी की मात्रा काफी अधिक होती है। इन उत्पादों की गिनती अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के रूप में होती है। हाल के दिनों में एक ब्रिटिश जनरल में खुलासा हुआ कि ऐसे खाद्य पदार्थों से उम्र पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। भारतीय चिकित्सक खुलासा कर रहे हैं कि यदि आपकी डाइट में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की मात्रा दस प्रतिशत से ज्यादा होती है तो व्यक्ति के शरीर में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग व अवसाद जैसे रोग उत्पन्न हो सकते हैं। भारत में हाल के दिनों में इन रोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से विस्तार हुआ है। इस संकट का समाधान तभी हो सकता है जब हम देश में उपभोक्ताओं को जागरूक करें।

### गोकर्ण आस्था, पर्यटन और एडवेंचर की त्रिवेणी

अगर आप प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दक्षिण भारत घूमने का मन बना रहे हैं तो कर्नाटक के गोकर्ण की यात्रा कर सकते हैं। यात्रा में आप समुद्री बीच के साथ-साथ, धार्मिक स्थल और एडवेंचर का भी आनंद ले सकते हैं। गंगावली और अघनाशिनी नदियों के संगम पर बसे इस गांव का आकार भी गाय के कान जैसा ही है। इस वजह से भी इसे गोकर्ण कहा जाता है।कारवार के तट पर मौजूद, गोकर्ण कर्नाटक का एक छोटा-सा शहर है। अपने समुद्र तटों, प्राचीन मंदिरों और लुभावने दृश्यों की वजह से यह पर्यटकों को बेहद आकर्षित करता है। लोककथाओं के अनुसार गोकर्ण भगवान शिव और विष्णु का शहर है। रावण को आत्मालिंगम लेने और लंका को शक्तिशाली बनाने से रोकने के लिए, उसे गोकर्ण में रोक दिया गया था। महाबलेश्वर मंदिर गोकर्ण का मुख्य मंदिर है। इस मंदिर में 6 फीट लंबा शिव लिंग है। जिसे आत्मालिंग के रूप में जाना जाता है। इस मंदिर में सफेद ग्रेनाइट का उपयोग किया गया है, जिसमें द्रविड़ वास्तुकला का आप उत्कृष्ट उदाहरण देख सकते हैं। इसमें 1500 साल पुरानी भगवान शिव की मूर्ति भी स्थापित है। मंदिर का उल्लेख महाभारत और रामायण के हिंदू पौराणिक कथाओं में किया गया है और इसे काशी जितना ही महत्वपूर्ण कहा जाता है, इसलिए इसे दक्षिण काशी की उपाधि मिली हुई है। मंदिर परंपरा के अनुसार मंदिर प्रवेश से पहले श्रद्धालुओं को कारवार बीच में डुबकी लगानी पड़ती है।भगवान गणेश को समर्पित, यह मंदिर महाबलेश्वर मंदिर के पास ही स्थित है। इस मंदिर में भगवान गणेश की एक काले पत्थर की मूर्ति है, और भक्त महाबलेश्वर मंदिर से पहले इस मंदिर में जाते हैं। इस मंदिर का निर्माण लगभग 150 साल पहले किया गया था। यहां गणेश चतुर्थी, आश्विन षष्ठी, श्रावण संकष्टी जैसे कुछ अवसरों पर ज्यादा भीड़ देखी जाती है।यह बीच शहर के कुछ प्रमुख समुद्र तटों में गिना जाता है। इस बीच के नाम पर ही गोकर्ण शहर का नाम जाना जाता है। ये बीच काफी लंबा है, जहां पर्यटकों और स्थानीय लोगो की काफी भीड़ देखी जा सकती है। गोकर्ण समुद्र तट मुख्य रूप से तीर्थयात्रियों द्वारा उपयोग किया जाता है। भक्त यहां डुबकी लगाने के लिए आते हैं और फिर महाबलेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए निकल पड़ते हैं।अगर आप अपनी फैमली के साथ शांति और सुकून भरा टाइम बिताना चाहते हैं, तो आपको कुडले बीच पर जरूर आना चाहिए। बीच लवर्स इसे स्वर्ग की तरह मानते हैं। ये बीच मून और ओम बीच से कुछ ही दूरी पर स्थित है। जो कि अपने शांत वातावरण और सूर्यास्त के अद्भुत नजारों के लिए बेहद मशहूर है। यहां सुबह शाम लोग सैर करने और योग अभ्यास करने के लिए भी आते हैं।गोकर्ण के सबसे अच्छे पर्यटन स्थलों में से एक, मिरजन किला गोकर्ण से केवल 11 किलोमीटर दूर स्थित है। किला 16वीं शताब्दी में नवायथ सल्तनत द्वारा बनाया गया था और बाद में विजयनगर साम्राज्य द्वारा इस पर कब्जा कर लिया गया था।

# बुद्धिहीन उपभोक्तावाद की आसक्ति से नहीं मिलेगी खुशी

**– अविजित पाठक**

हालांकि हम लोग एक भयावह रूप से हिंसाग्रस्त विश्व में जी रहे हैं, वह जिसमें लगातार होने वाले युद्ध, सैन्यीकरण, नए किस्म का अधिनायकवाद, बढ़ती आर्थिक असमानता, पर्यावरण संकट और सामाजिक कारणों से बना मानसिक संताप इसका चरित्र बन गया है। और मानो इन सबके बीच 'खुशी' ढूंढ़ना एक अनन्त खोज बन गई है। आधुनिक काल में, हमें गुणा-भाग वाली सूक्ष्मता से प्यार हो गया कि तुर्रा यह कि खुशी जैसे उच्च गुणवत्तापूर्ण और आत्मनिष्ठ अनुभव को भी हमने नापने-तोलने की चीज़ बना डाला है। हर साल, संयुक्त राष्ट सतत विकास उपाय नेटवर्क एक सूची जारी कर, विभिन्न मुल्कों का पदानुक्रम तय करता है जो उसके हिसाब से मापने लायक 'खुशी सूचकांक' पर आधारित हैङ्क इस निर्धारण में सकल घरेलू उत्पाद, आयु दीर्घता, राजकीय कामकाज दक्षता, स्वतंत्रता, सामाजिक संबल ( परोपकारी व्यवहार ) को गिना जाता है। जहां फिनलैंड पिछले सालों की भांति 'सबसे खुश' देश है वहीं विश्व खुशी रिपोर्ट-2024 में भारत का स्थान 143 देशों में 126वां है।

खैर, मैं इस किस्म की रिपोर्ट के गुण-दोषों को पूरी तरह खारिज भी नहीं करता। बेशक, एक उचित मात्रा में सामाजिक सुरक्षा, राज्य द्वारा चलाई जाने वाली सामाजिक भलाई नीतियां, अच्छी मेडिकल सुविधाएं, रोजगार उपलब्धता, संवाद की मौजूदगी वाला समाज और राजनीतिक स्वतंत्रता रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ हद तक संतोष पैदा करते हैं। तथापि, यहां यह अहसास भी उतना ही जरूरी है कि 'शुद्ध खुशी' जैसी कोई चीज़ नहीं हो सकती, क्योंकि उल्लास के हमारे सबसे बढ़िया लम्हे और संतोष भी कुछ हद तक आशंका से जुड़े होते हैं, मसलन, जो कुछ हमारे पास है उसे खोने का डर, चाहे यह भौतिक संपदा, शरीर की तंदुरुस्ती हो या फिर प्रियजनों का साथ छूटने का भय। ताजिंदगी हम 'सम्पूर्ण खुशी' के पीछे भागते रहते हैं, लेकिन फिर भी यह हाथ नहीं आती। कोई हैरानी नहीं कि हमारे इस काल में जीवन जीने का ढंग सिखाने वाले, प्रेरणास्पद भाषणकर्ता और आध्यात्मिक बाबाओं की कोई कमी नहीं, जो बारम्बार हमें एक खास तकनीक पर चलने की सीख देते हैं, मसलन, समाधि अभ्यास, श्वास साधक व्यायाम, सचेतन होना इत्यादि ङ्क'खुश' व 'सफल' होने के मकसद हेतु। लेकिन फिर, यह समझना चाहिए कि खुशी की प्राप्ति कैप्सूल खाने जैसा एक त्वरित उपाय नहीं है, जिसकी खुराक किसी स्व-सहायता पुस्तक या आश्रम अथवा मठ के विशेष सत्रों में भाग लेकर मिले। तथ्य तो यह है कि यदि सच में हम एक आडम्बरहीन, शांतिपूर्ण और संतोष से परिपूर्ण दुनिया की ओर बढ़ना चाहते हैं तो हमें स्व और दुनिया अथवा राजनीति और अध्यात्म के बीच पुल बनाना होगा। उदाहरणार्थ, जरा सोच कर देखिए, जो व्यक्ति भूख, कुपोषण और सिर पर छत न होने से बेहाल है उसको संचेतना सिखाने की बेवकूफी ( बुरे अनुभवों से बने संताप या अस्थिर भविष्य की आशंका को नज़रअंदाज कर वर्तमान में जीने की समर्था बनाए)। या फिर उस मानसिक हिंसा के बारे में सोचिए जो एक बेरोजगार युवा के मानस पर चोट करती है, जब नौकरी पाने में कंपनी दर कंपनी से अस्वीकृति झेलनी पड़े, तिस पर आप उसे सबसे अधिक बिकने वाली स्व-सहायता किताब 'मैं ठीक हूं-आप ठीक हैं' जैसी कोई पुस्तक पढ़ने को कहें ताकि 'अच्छा' और 'सकारात्मक' महसूस का भ्रम पाले। यह ठीक उतना ही बेवकूफाना है जब किसी बेघर को या जो पहले से झुग्गी में रह रहा है, उसे न्यूनतम साधनों में जीवन जीने का प्रवचन दिया जाए। राजनीतिक व आर्थिक असमानता की नींव को बदले बिना हम अ गैर-बराबर व शोषण करने वाली दुनिया को बदलकर संतोष की ओर नहीं बढ़ सकते।



इसी प्रकार जैसा कि 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024' बताती है कि भारतीय युवाओं में 83 प्रतिशत बेरोजगार हैं या जब 'द राइज़ ऑफ बिलिनियर्स राज' नामक शोध-पत्र कहे कि भारत के चोटी के 1 फीसदी अमीरों के हाथ में 40 प्रतिशत आम लोगों के बराबर सरमाया है, तो एक आम भारतीय को महसूस हो रहे संताप, भय और आशंका का अंदाजा लगाना कठिन नहीं। भले ही हमारे पास हज़ारों की संख्या में बाबा, गुरु और स्व-सहायता सिखाने वाले हों, जो मोक्ष प्राप्ति की जुगत के तौर हमें नाना किस्मों की घुट्टी पिलाते हैं, तथापि अलफ सच्चाई है कि हमारा देश नाखुश मुल्क है। संभवतः हमारे समाज में राजनीतिक-आर्थिक पुनर्संरचना किए बिना हम वैसा सामाजिक परिवेश नहीं बना सकते, जो यथेष्ट संतोष से परिपूर्ण लोगों की तरक्की अनुकूल हो।

ऐसा नहीं है कि मुझे अर्थपूर्ण, सतत और करुणामय जीवन के लिए आत्मविश्लेषण या अंदरूनी शांति के महत्व से इंकार है। जहां उचित मात्रा में आर्थिक सुरक्षा और राजनीतिक स्वतंत्रता हमारे रोजमर्रा के जीवन को कुछ आरामदायक बनाती है वहीं हम एक अधिक अर्थपूर्ण और शांतिपूर्ण वजूद की ओर नहीं बढ़ सकते, जिसके बिना मैं जीवन को धर्मनिष्ठ नहीं कह सकता। उदाहरणार्थ, यह धर्मनिष्ठा जीवन जीने के ढंग में, गैर-उपभोक्तावाद अवस्था की कला विकसित करने के बारे में हैं। भोजन, आवास, जीवन-पुष्ट शिक्षा, राजनीतिक स्वतंत्रता और विरक्ति न बनाने वाले काम जैसी मूलभूत जरूरतों को लालच के वायरस के मोहपाश में जा फंसने से अलहदा कर पहचानना होगा वह लालच जिसका बाजार-चालित समाज ने सामान्यीकरण कर दिया है।

हां, उस समाज में कभी खुशी नहीं हो सकती जो नवउदारवादी बाजार द्वारा उत्पादित नित नए फैशनों या नई वस्तुओं के प्रति बुद्धिहीन उपभोक्तावाद या निरंतर बढ़ती आसक्ति के सिद्धांत को मान्यता दे। लालसा की यह प्रवृत्ति शांति और धीरज को भंग करती है । इसकी बजाय व्यक्ति में ईर्ष्या, अशांति और पीछे छूट जाने का भयंकर डर बनाती है। इसी प्रकार, दूसरों से जुड़े रहने वाले स्व को विकसित करने की कला भी उतनी ही महत्वपूर्ण है वह स्व जिसे दिखने में साधारण से कामों में भी बहुत आनंद मिलता हो जैसे कि दोस्तों से बिना स्वार्थ मिलना या पहाड़ी इलाके में सैर और प्रकृति की अनंतता की झलकी का अनुभव करना। यह बेशक साधारण लगे लेकिन फिर भी सर्जनात्मकता के अतिरेक से लबरेज होती है, वह जो हमें निरंतर ललचाने और बहकाने वाली बाजारीकरण संस्कृति से उपजी मिथकीय 'सफलता' या 'अति उत्तम और खुशी' वाली जिंदगी की मरीचिका से पीछे भागने की लालसा से मुक्त रहने में मददगार होती है।

जीवन की धर्मनिष्ठा को जरूरत है हमारे अस्तित्व में अंतर्निहित उदासी को अंगीकार करने के साहस की। यह 'सब कुछ हमारे बस में नहीं' को स्वीकार करने जैसा है। जो कुछ हम थामकर रखना चाहते हैं वह चलायमान और अस्थाई है। बिना पूर्व सूचना घटित अकल्पनीय दुर्घटनाएं और शोकाकुल प्रसंग हमारे अस्तित्व को झिंझोड़ सकते हैं, मौत की सच्चाई से कोई नहीं बच सकता जो कि हमारे फुलाए अहम की व्यर्थता की अंतिम परिणति है। संभवतः यह अहसास, हमें कटु बनाने की बजाय, आंसुओं से भरे इस लौकिक अस्तित्व से गुजरने में समर्थ बनाता है। **(लेखक समाजशास्त्री हैं।)**

# कई आशंकाओं से भरा खतरनाक रास्ता!

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में सड़क हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई। 15 से अधिक बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। चूंकि माहौल चुनाव का है सो प्रधानमंत्री से लेकर विधायक तक सक्रिय हो गये। कुछ कार्रवाई होती भी दिख रही है। जो बस सड़क पर चल रही थी, उसका अनफ़िट होने के कारण एक महीने पहले भी 15 हजार का चालान हुआ था। सब जानते थे कि बस चलाने वाला शराब पिए है और उसकी ड्राइविंग बेलगाम थी, इसके बावजूद बस सड़क पर चलती रही। अभी इस दुर्घटना के बाद सड़कों पर बसों की जांच और चालान की औपचारिकता चल ही रही थी कि यमुनानगर में स्कूली बच्चों से भरा एक तिपहिया पलट गया, जिसमें एक बच्ची की मौत हो गई। सात बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। जो वाहन महज तीन सवारी के लिए परमिट प्राप्त है, उसमें 12 से अधिक बच्चे भरे थे। सड़क पर चलने के लिए नाकाबिल वाहन, क्षमता से अधिक बच्चे, बेतहाशा गति, अकुशल चालकङ्क स्कूल जाने वाले बच्चों को लाने ले जाने में लिप्त वाहनों के मामले में सारे देश की यही एक-सी तस्वीर है।

दिल्ली के वजीराबाद पुल पर लुडलो केसल स्कूल की बस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर 28 बच्चों की मौत के बाद सन‍् 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूली बसों के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे। इसके अनुसार स्कूल बस पीले कलर की होनी चाहिए। इसके साथ ही उस पर स्कूल बस जरूर लिखा होना चाहिए। बस में फर्स्ट-एड बॉक्स होना जरूरी है और बस की खिड़की में ग्रिल लगी होनी चाहिए। इसके साथ ही बस में आग बुझाने वाला यंत्र भी लगा होना चाहिए। स्कूल बस पर स्कूल का नाम और टेलीफोन नंबर भी होना चाहिए।

यही नहीं, दरवाजों पर ताले लगे हों और बस में एक अटेंडेंट भी हो। सबसे बड़ी बात कि अधिकतम स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए। यह निर्देश दिल्ली में ही हवा-हवाई हैं। और अब तो स्कूल पहुंचने की राह में बड़ा खतरा ओमनी वैन हैं जिसमें अतिरिक्त सीटें लगा कर क्षमता से दोगुने नहीं तीन गुणा अधिक बच्चे बैठना, उनकी अंधाधुंध स्पीड और सबसे अधिक उसके चालकों का संदिग्ध व्यवहार नए किस्म का खतरा है। देश में आए रोज बच्चों के यौन शोषण में ऐसे वाहन चालकों की संलिप्तता सामने आती है। बसों के मामलों में तो स्कूल को जिम्मेदार बना दिया जा सकता है लेकिन वैन में ओवर लोडिंग, दुर्व्यवहार और दुर्घटना होने पर स्कूल हाथ झटक कर अलग हो जाते हैं। बीते कुछ सालों में बैटरी चालित रिक्शा स्कूल की राह का एक खतरनाक साथी बना है। इसमें बेशुमार संख्या में बच्चों को भरना, प्रतिबंधित या तेज गति के वाहनों वाली सड़क पर संचालन करना और अनाड़ी चालक होने के कारण इनके खूब एक्सीडेंट हो रहे हैं।

बीते कुछ सालों में विद्यालयों में बच्चों का पंजीकरण बढ़ा है। स्कूल में ब्लैक बोर्ड, शौचालय, बिजली, पुस्तकालय जैसे मसलों से लोगों के सरोकार बढ़े हैं, लेकिन जो सबसे गंभीर मसला है कि बच्चे स्कूल तक सुरक्षित कैसे पहुंचें? इस पर न तो सरकारी और न ही सामाजिक स्तर पर कोई विचार हो पा रहा है। इसी की परिणति है कि आए रोज देशभर से स्कूल आ-जा रहे बच्चों की जान जोखिम में पड़ने के दर्दनाक वाकिये सुनाई देते रहते हैं। परिवहन को प्रायः पुलिस की ही तरह खाकी वर्दी पहनने वाले परिवहन विभाग का मसला मान कर उससे मुंह मोड़ लिया जाता है। दरअसल बढ़ते पंजीकरण को देखते हुए बच्चों के सुरक्षित, सहज और सस्ते आवागमन पर जिस तरह की नीति की जरूरत है, वह नदारद है।

निजी स्कूलों में हजारों बच्चे पढ़ते हैं, स्कूलों की अपनी बसों की संख्या सीमित हैं, औसतन 1000-1500 बच्चे इनसे स्कूल आते हैं। शेष का क्या होता है? यह देखना रोंगटे खड़े कर देने वाला होता हैं। पांच लोगों के बैठने के लिए परिवहन विभाग से लाइसेंस पाए वैन में 12 से 15 बच्चे ठुंसे होते हैं। बैटरी रिक्शे में दस बच्चे 'आराम' से घुसते हैं। दुपहिया पर बगैर हैलमेट लगाए अभिभावक तीन-तीन बच्चों को बैठाए रफ्तार से सरपट होते दिख जाते हैं। रोज एक्सीडेंट होते हैं, क्योंकि यही समय कालोनी के लोगों का अपने काम पर जाने का होता है।

ऐसा नहीं है कि स्कूल की बसें निरापद हैं, वे भी 52 सीटर बसों में 80 तक बच्चे बैठा लेते हैं। यहां यह भी गौर करना जरूरी है कि अधिकांश स्कूलों के लिए निजी बसों को किराए पर लेकर बच्चों की ढुलाई करवाना एक अच्छा मुनाफे का सौदा है। ऐसी बसें स्कूल करने के बाद किसी रूट पर चार्टेड की तरह चलती हैं। तभी बच्चों को उतारना और फिर जल्दी-जल्दी अपनी अगली ट्रिप करने की फिराक में ये बस वाले यह ध्यान रखते ही नहीं है कि बच्चों का परिवहन कितना संवेदनशील मसला होता है।

इस दिशा में सबसे पहले तो विद्यालय से बच्चे के घर की दूरी अधिकतम तीन से पांच किमी का फार्मूला लागू करना चाहिए। स्कूल का समय सुबह 10 बजे से करना, सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था करना, प्रयुक्त वाहनों में ओवरलोडिंग या अधिक रफ्तार से चलाने पर कड़ी सजा का प्रावधान करना, असुरक्षित साधनों के लिए कड़े मानदंड तय करना समय की मांग है।

**– पंकज चतुर्वेदी**


# जीवन पर्यन्त कला सृजन को समर्पित रहे प्रयोगधर्मी चित्रकार अब्बासी

## जिनकी कलाकृतियों ने राजस्थान ही नहीं, देश दुनिया में बनाई अपनी अलग पहचान

**पहली पुण्यतिथि पर विशेष**

सैयद मेहर अली अब्बासी जोधपुर कला जगत की एक ऐसी बकमाल और बेमिसाल शख्सियत रही हैं, जिन्होंने जीवन पर्यन्त अपनी प्रयोगधर्मी चित्र व मूर्तिकला के माध्यम से जोधपुर का नाम सिर्फ राजस्थान ही नहीं, बल्कि देश दुनिया में रोशन किया है। पिछले वर्ष 2023 में 75 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गए अब्बासी धर्मनिरपेक्षता की अनूठी मिसाल थे। इस बात का प्रमाण यह है कि उन्होंने पांच हजार से ज्यादा भगवान गणेश की पेंटिंग्स का सृजन किया था। कला सृजन उनके लिए किसी इबादत से कम नहीं था। अब्बासी का यह गणेश प्रेम दर्शाता है कि वे धर्म की बंदिशों से दूर कला के प्रति पूरी तरह समर्पित थे।







जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय कला संकाय के असिसटेंट प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त अब्बासी ने करीब पचास वर्षों तक कला का सृजन किया। विश्वविद्यालय में कला संकाय स्थापित करने का श्रेय भी उन्हीं को जाता हैं। अनेक राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पुरस्कारों का सम्मान देश व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सैकड़ों कला प्रदर्शनियों में पेंटिग्स प्रदर्शित की गई। इसके अलावा मुंबई की जहांगिर आर्ट गैलरी सहित देश के प्रमुख महानगरों की स्थायी कला दीर्घाओं में उनकी पेंटिंग्स दर्शकों को लूभा रही है।

**अब्बासी का गणेश प्रेम–** विश्वविद्यालय से रिटायर होने के बाद अंतिम सांस तक प्रतिदिन करीब 18 घंटे कला की साधना की। उन्होंने 10, 000 से भी ज्यादा पेंटिंग और क्राफ्ट के काम किए हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कला दीर्घाओं समेत कला जगत के कद्रदान भी उनके गणेश प्रेम के ही मुरीद हैं। इसके लिए उन्होंने हिंदू माइथोलॉजी का भी गहराई से अध्ययन किया।

गणेश की स्तुति में कला को माध्यम बना दर्शन के साथ हिंदू माइथोलॉजी को भी अब्बासी ने बखूबी दिखाया। उन्होंने अपनी कला में ट्रायंगल, स्क्वायर और सर्किल को मिलाकर नया रूप दिया। कलर संयोजन का भी कमाल का इस्तेमाल किया।

अब्बासी ने अपना चित्र-संसार, बहुरंगी, बहुआयामी और बहुमाध्यमी से रचा। लोक देवता, लोक प्रतीक और ढाल-तलवार, त्रिसूल सूर्य, सर्प, हथेली अब्बासी के चहेते प्रतीक रहे हैं। इन चित्रों के बीज जोधपुर की महासतियों की छतरियों, देवी-देवताओं की मर्तियों तथा आदिवासी वस्त्र-विधान के चटख रंगों में है। राजस्थानी चटकीला-चमकीला लैंण्डस्केप कलाकार अब्बासी की तूलिका से धूसर और मटमैला भी बन गया। उनकी कलाकृतियों में लाल का प्रयोग धूसर पीले और काले के पार्श्व में प्रभावी लगता है। रूपायन की विविधता कलाकार की विशेषता कही जा सकती है। उनके चित्रों में अमूर्त संयोजन, रेखांकन, छापे, कोलाज, इलेक्ट्राप्लांट, वुडकैट, लीनोकट, लीथोग्राफ आदि का मिलान जुला संसार है। प्रतीकों के सहारे उन्होंने जहां शौर्य, सेक्स और गति के बिम्ब बनाए हैं, वहीं नारी के आदर्श और उत्सर्ग के प्रति भी आग्रह रहा है जो लोकरूपों के माध्यम से समकालीन संदर्भ में सृजनात्मक स्तर पर चित्रित हुए हैं। लोकरूपों को बुनते वक्त कलाकार अब्बासी की रचनादृष्टि, रचना प्रक्रिया जीवंत और संवेदनशील है। चाक्षुष नवीनता एवं अभिव्यक्ति की दृष्टि से मोटीफ्स व रंगों का प्रयोग, संयोजन व स्पेस डिजाइन का निजि तर्कशास्त्र उनकी नई कलाकृतियों में देखा जा सकता है। उनके चित्रों, में हैण्ड एण्ड स्नेक, हैण्ड एण्ड नेचर आदि में औरत और सर्प के प्रतीकों का इस्तेमाल विविध फार्म और ताजी अभिव्यक्ति के आकर्षक प्रयोग रहे हैं। कहा जा सकता है कि अब्बासी ने विषयगत दबाव से मुक्त हो कर निरपेक्ष भाव से अपने आसपास का कला संसार रचा है।

**– सैयद मुनव्वर अली**

## महावीर जयंती रथ यात्रा महोत्सव में सतेन्द्र सौली जैन का समाज द्वारा अभूतपूर्व स्वागत सम्मान किया गया



आज महावीर जयंती रथ यात्रा महोत्सव में सतेन्द्र जैन सौली भईया का जैन समाज द्वारा अभूतपूर्व स्वागत सम्मान किया गया स्वागत,सम्मान,आशीर्वाद देने वाले सभी जैन समाज के सम्मानित बंधुओ का हार्दिक आभार एवं महावीर जयंती महोत्सव समिति के जलेब संयोजक संजीव जैन एडवोकेट सहित सभी पदाधिकारी का हृदय से धन्यवाद

## एस आर ज्ञानेश्वरी इंटरकॉलेज लालपुर रोड असिफाबाद से इंटरमीडिएट हाईस्कूल के 5.5 बच्चों ने किया टॉप



दिनांक 20.4.2024 को इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित हुआ है जिसमें विद्यालय के टॉप 5 छात्रों छात्राओं के चेहरे खिल उठे आयुष दीक्षित 466/500 93त्न से प्रथम काजल 437/500 द्वितीय सूरज 427/500 तृतीय अंश यादव 425/500 चतुर्थ दीपक 415/500 पंचम इंटरमीडिएट हाईस्कूल खुशबू 540/600. 90त्न प्रथम मोहित गोला 517/600.86त्न द्वितीय श्रेया राठौर 483/600.80त्न तृतीय प्रिंस राठौर 480/600. 80त्न तनिष्का 472/600 78त्न पंचम

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने वाली टीम को एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने दिया पुरुस्कार



चेतन जैन
इटावा

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करने वाले दो हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों को असलहो सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार,अवैध शस्त्र फैक्ट्री से पुलिस ने 11 निर्मित, 2 अर्ध निर्मित तमंचे,1 अधिया राइफल, 2 देशी राइफल, दो 12 वोर अर्ध निर्मित अधिया,9 जिंदा कारतूस, 2100 रूपये नगद एवं शस्त्र बनाने में प्रयुक्त उपकरण किये बरामद इटावा पुलिस लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों के निर्माण एवं बिक्री, तस्करी की रोकथाम के लिए प्रतिदिन चला रही है अभियान।इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अभ्यस्त अंतर्जनपदीय अपराधी है, इन अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व में भी लूट, हत्या, अपहरण जैसे अपराधिक कृत्य पंजीकृत है।आगामी लोकसभा चुनाव में निश्चित तौर पर इन अवैध असलहो का प्रयोग किया जा सकता था,पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसराहार क्षेत्र के गडरियन की मढैया के पास खाली पड़े खंडर के पास से अभियुक्तों को किया गिरफ्तार,अंतर्जनपदीय अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है,थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गडरियन की मढैया के पास की है घटना है एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 20000 रूपये के इनाम से किया पुरस्कृत किया।

## पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर करूआ उर्फ कमलेश व अभियुक्त योगेन्द्र उर्फ मौनू पैर में गोली लगने से हुए घायल



रात्रि थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत राधारानी मैरिज होम में एक शादी समारोह में दो लोग अपनी चचेरी बहन के यहाँ शादी में आए हुए थे उक्त दोनों लोगों द्वारा विवाद में अपने ताऊ व वाटिका (मैरिज होम) संचालक के साथ हुए विवाद में अपने ताऊ के ऊपर अवैध तमंचे से फायरिंग की गयी थी वाटिका मालिक के मना करने पर उस पर भी डराने के लिए हवा में फायरिंग की गयी थी तथा बाद में वादी के परिवारिजनों के ऊपर फायरिंग की जिससे बाल बाल बचे व उसके बाद वादी के घर में घुसकर वादी के तोड़ फोड़ कर दी मामले में तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 270/24 धारा 147/148/307/427/ 323/ 452/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया था फायरिंग करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा थाना उत्तर पर दो टीमों का गठन किया गया था जिसमें आज दिनांक 21-04-2024 को मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों 1-करूआ उर्फ कमलेश व 2-योगेन्द्र उर्फ मौनू पुत्रगण विमलेश उर्फ बबलेश यादव निवासी जैन नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को पुलिस मुठभेड़ के दौरान टापा खुर्द जलेसर रोड़ से गिरफ्तार किया गया है पुलिस मुठभेड़ में दोनों अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हुए जिनको उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराया गया है दोनों अभियुक्त सगे भाई हैं जिसमें करूआ उर्फ कमलेश थाना उत्तर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिस पर संगीन धाराओं में एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं साथ ही हिस्ट्रीशीटर के सगे भाई योगेन्द्र उर्फ मौनू पर भी संगीन धाराओं में आधे दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं दोनों अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा मय 09 जिन्दा व 06 खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना उत्तर पर मु0अ0सं0 271/24 धारा 307 ढ्ढक्क्ष्ट पुलिस मुठभेड़ व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है

## कलश यात्रा से भक्ति में डूबा आवास विकास क्षेत्र और पश्चिमपुरी क्षेत्र



आगरा 21 अप्रैल दिव्य ज्योति जागृति संस्थान 46 एमकेपुरम परी रेस्टोरेंट के सामने पश्चिमपुरी पार्क में 22 अप्रैल से आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा गौतम ऋषि पार्क,कर कुंज चौराहा,आवास विकास सेक्टर 10 से कारगिल चौराहा होते हुए कथा स्थल तक निकाली गई, जिसमें पीत वस्त्रधारी दर्जनों महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भागीदारी की तो पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया मीडिया प्रभारी मुकेश कुलश्रेष्ठ ने बताया कि 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 2ः00 बजे से 6ः00 तक व्यासपीठ से सुश्री मेरुदेवा भारती कथा का रसपान कराएंगी कलश यात्रा में पूज्य आशुतोष महाराज की शिष्या गुरु बहन साध्वी करुणा भारती,पार्षद प्रवीना राजावत, बहन रिचा भारती मुकेश कुलश्रेष्ठ, कुमकुम कुलश्रेष्ठ राजेश कुलश्रेष्ठ,शिक्षा कुलश्रेष्ठ निर्मला दीदी,अलका दीदी राजकुमार आदि प्रमुख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे

## जन जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है



फिरोजाबाद के तत्वावधान में लिटिल लैम्पस पब्लिक स्कूल, सिरसागंज में विद्यालय के निदेशक रजनीश यादव व जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदान का संदेश प्रदान करते हुए जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को मतदान की शपथ ग्रहण कराई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए बताया कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व मतदान एवं लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मत है। यह लोकतंत्र का पर्व, देश का पर्व है, मतदान अवश्य करें। प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है, इसलिए कोई भी मत छूटना नहीं चाहिए। सभी मतदाताओं के लिए नारा प्रदान करते हुए कि जन जन का नारा है, मतदान अधिकार हमारा है विद्यालय के निदेशक रजनीश यादव ने सभी विद्यार्थियों को अपने माता पिता, रिश्तेदारों, ग्रामवासी, नगरवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त किया। शपथ में विद्यार्थियों के साथ तनु गुप्ता, श्रष्टि जादौन, कीर्ति जादौन, सौम्या गुप्ता, नेहा शर्मा, संजना शर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## हर वर्ष की भांति धूम-धाम के साथ निकाली गई भगवान महावीर जन्मोत्सव की शोभा यात्रा

### चौबीसवें तीर्थंकर के जन्मकल्याणक में जैन समाज मे आस्था का सैलाब





चेतन जैन
जसवंतनगर/इटावा

रविवार आज चैत्र शुक्ल तेरस भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव में हर वर्ष निकलने वाली महावीर जन्मोत्सव यात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से निकाली गई इस यात्रा में सौधर्म इंद्र बने दिनेश कुमार गौरव जैन ने महावीर भगवान को बैठाने का सौभाग्य पाया रथ के सारथी धनेश चंद्र जैन,कुबेर इंद्र दिनेश चंद गौरव जैन,क्रमशः चार इंद्र नवीन जैन,राकेश जैन,प्रदीप जैन,विभू जैन रथ पर सवार महावीर भगवान की प्रथम आरती करने का सौभाग्य साली पात्र दिनेश चंद सौरभ जैन रहे।

सर्व प्रथम जैन मंदिर में श्री जी का गुणगान किया गया।जैन बाजार से प्रारम्भ हुई रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई वापस जैन मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई,इस दौरान प्रत्येक युवा सफेद कुर्ते में तो महिलाएं पीली साड़ी पहने यात्रा की शोभा बड़ा रही थी।जैन भजनों की धुनों पर युवा थिरकते रहे व युवतियां डांडिया से नृत्य करती दिखी चिलचिलाती धूप भी भक्ति के आड़े न आ सकी लोग नग्गे पैर जुलूस में शामिल हुए। समाज सेवी संस्था भारत विकास परिषद समर्पण शाखा ने आदर्श बाल विद्या मंदिर पर शरबत का वितरण किया।जिसमे उमाकांत श्री वास्तव के साथ अनेको सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी। इसी क्रम में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के डॉ स्वराज प्रकाश श्री वास्तव के निर्देशन में शाखा अध्यक्ष शिवकांत जैन के प्रतिष्ठान पर स्वागत किया इंद्र प्रकाश जैन द्वारा पंसारी बाजार में आदि अनेको जगह स्वागत किये गए। रथ पर सवार श्री जी की आरती पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण संखबार,जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल,सपा महासचिव वीरू भदौरिया,नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, सभासद राजीव यादव,गोपाल गुप्ता,कृष्णा यादव,विनय पांडे आदि ने आरती की।

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में प्रथम बार पधारे अंशुल यादव का पटका डालकर व पगड़ी लगाकर जैन समाज ने स्वागत किया द्वार द्वार निकले महावीर भगवान का सर्व समाज के लोगो द्वारा पुष्प अर्पित किये गए

नगर भृमण उपरांत श्री जी को जिन मंदिर में अभिषेक पूजन शांति धारा कर विधिवत जयंती महोत्सव संपन्न हुआ ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आराध्य जैन ,निकेतन जैन का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष राजेश जैन एवं समस्त सकल दिगम्बर जैन समाज मौजूद रहा।

## हजरत सैयदना शाह अमीर आबूलुल्लाह सरकार के जानशीं व आगाई सिलसिले के सर परस्त हजर आगा मोहम्मद कासिम अबुल उलाई



आज आगरा कैंट से वंदे भारत रेल द्वारा आगरा से हैदराबाद के लिए रवाना हुए अपने पीरो मुर्शीद को विदा करने के लिए आगाई सिलसिले के सैकड़ो उमरेड आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां अपने पीरो मुर्शीद का मुरीदन द्वारा फूल माला पहनकर विदा किया गया हजरत आगा मोहम्मद कासिम अबुल उलाई ने अपने मुरीदन से कहा कि अल्लाह रब्बुल इज्जत ने हम सभी को सैयदना पाक की गुलामी करने का मौका दिया है हम सभी को सैयदना पाक पाक अपना गुलाम कबूल करने बस हमारे शिफत की सबसे बड़ी हमारे लिए बात होगी की मौला अली के शहजादे हम जैसे गुनहगारों को अपना गुलाम मान रहे हैं सैयदना पाक का कर्म इससे बड़ा और क्या हो सकता है की मौला अली के घराने वाले सैयदना हम सभी गुनहगारों को अपना गुलाम कह दें गुलाम आने गुलाम हमको अगर सैयदना पाक मान ले तो हमारी दुनिया और आखिरत दोनों ही संवर जाएगी हम सभी की कोई भी परेशानी सैयदना पाक रहमतुल्ला आले से छुपी नहीं है अगर कोई भी परेशानी आप पर आती है तो आप सभी दरगाह सैयदना शरीफ जाकर आपसे कहें और सैयदना पाक आपकी सभी परेशानियां को अल्लाह रब्बुल इज्जत से कहकर दूर करेंगे क्योंकि सैयद ना पाक अल्लाह के वाली है जिनको की अल्लाह रब्बुल इज्जत में अपना वाली अल्लाह कहा है हम सभी के सारे काम सैयदना पाक के दर से होते हैं अपने पीरो मुर्शीद को आगरा से हैदराबाद विदाई देने वालों में मुख्य रूप से रिजवान बैग सैयद हुजूर अली वसी उद्दीन हाजी अल्ताफ हुसैन मोइनुद्दीन मुबीन उद्दीन रियाजुद्दीन शानू इस्लाम खान एडवोकेट मोहम्मद दाऊद एडवोकेट भैया भाई फैजान बिग जीशान हुसैन आदि लोग उपस्थित रहे

## सिंजेंटा सीड्स कंपनी द्वारा एस डब्लू 25 गेंहू की फसल पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

लोक जन संदेश।

पयागपुर बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी।जिला बहराइच के अंतर्गत ग्राम चरदहा ब्लॉक पयागपुर सिंजेंटा सीड्स कंपनी द्वारा एक दिवसीय विक्रेता बंधु गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में उन्नत किस्म गेंहू कनक एस डब्लू 25 और एस डब्लू 23 कंपनी के बारे में रीजनल बिजनेस मैनेजर प्रेम प्रकाश द्वारा और टैरेट्री मैनेजर वेद प्रकाश शुक्ला द्वारा और क्षेत्रीय प्रतिनिधि अजीत तिवारी द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। एस डब्लू 25 का दाना मोटा होता है जिससे ज्यादा पैदावार मिलता है एस डब्लू 25 की बाली लंबी होती है जिससे ज्यादा दाने मिलते है एस डब्लू 25 की बाली चमकदार होती है जिससे चमकदार दाना प्राप्त होता है। लगभग 58 विक्रेता बंधु उपस्थित थे जिसमे शुक्ला ट्रेडर्स शिवदहा हरीश शुक्ला जी, एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप गोपारामोड गोविंद यादव जी एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप राजेश यादव जी तथा अन्य किसान पंकज शुक्ला आदि किसानों ने फसल का निरीक्षण किया अगले साल सभी किसानों को सिंजेंटा कंपनी का एस डब्लू 25 और एस डब्लू 23 गेंहू लगाने का सलाह दी है। सभी विक्रेता बंधु का कहना है सिंजेंटा कंपनी का एस डब्लू 25 एस डब्लू 23 के पैदावार से किसानों के जीवन खुशहाली आएगी।

## बहराइच प्रभाग के चकिया रेंज में आगामी बरसात तक तैयार हो जाएंगे 16 लाख पौधे

लोक जन संदेश।

मिहींपुरवा बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। बहराइच प्रभाग अंतर्गत चकिया रेंज में स्थित नर्सरी में इस बार लगभग 16 लाख पौधे तैयार किए गए है। इन पौधों का बरसात के बाद विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जाएगा। चकिया रेंज अन्तर्गत लगाए गए लगभग 16 लाख पौधो में से 10 लाख नये पौधे व 6 लाख पिछले वर्ष के पौधे हैं। चकिया रेंज के वन दरोगा प्रदीप कुमार ने बताया कि चकिया रेंज के समीप बने नर्सरी में नए पौधों का रोपण कर दिया गया है। नए पौधों के कोपल निकलना शुरू हो गए है। करीब एक माह में यह सभी पौधे तैयार होने लगेंगे। बरसात में शासन के निर्देशानुसार इन पौधों को विभिन्न क्षेत्रों में ले जाकर रोपित किया जाएगा।

# जरूरत मंदों को वितरित किया कपड़े





बांदा-रविवार को शेख सादी जमा साहब के संरक्षण में रिज़वान अली की अध्यक्षता में मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी रोटी बैंक के नेतृत्व में कपड़ों का वितरण किया गया। प्रा0वि0 ग्राम दुरेड़ी प्रधानाध्यापिका के सहयोग से ग्राम प्रधान दुरेड़ी देवीदयाल सिंह की उपस्थिति में कपड़े, जूते, चप्पल, किताबों का वितरण किया गया। महिला उपाध्यक्ष रोटी बैंक के द्वारा ग्राम दुरेड़ी के ग्रामीणों को अधिक मतदान के बारे में तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उक्त सामग्री पाकर ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी। ग्रामीणों ने टीम को आशीर्वाद दिया। उक्त कपड़ा वितरण कार्यक्रम में मोहम्मद अज़हर महामंत्री, इरफ़ान खान कोषाध्यक्ष, रिया खान महिला महामंत्री, अब्दुल मुजीब मीडिया प्रभारी, मोहम्मद सलीम शाखा प्रमुख बलखंडीनाका, इरफ़ान खान, प्रमोद कुमार प्रधानाध्यापक प्रा0वि0दुरेड़ी 1, रविन्द्र कुमार स0अ0प्रा0वि0 दुरेड़ी-2 आदि मौजूद रहे।

# हत्या की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो रही गिरफ्तारी



बांदा-सवर्ण आर्मी जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी मृतक बबलू उर्फ मनोज गुप्ता के घर पहुंचे। उनकी पत्नी व पीड़ित परिवार से मुलाकात की। पीड़ित परिवार ने बताया कि अतर्रा कर्वी मेन मार्ग तुर्रा में 9 अप्रैल सायं बब्लू उर्फ़ मनोज गुप्ता मिठाई बनाने के लिए अपना सामान लेकर घर से निकला। लेकिन वह अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचा। रात में भी वहां नहीं पहुंचा तो जिनके यहां कम करने के लिए जाना था वो मृतक के घर आकर पूंछताछ करने लगे तो घर वाले और चकित हो गए कि आखिर गए कहां ? सभी जगह ढूंढने लगते हैं तो उनकी एक चप्पल और जो सामग्री लिए थे वह घर से 200 मीटर दूर दिखाई पड़ी तो थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पीड़िता गुड्डो बताती है गुमसुदगी दर्ज होने के बावजूद पुलिस कोई एक्शन नहीं लेती फिर 12 अप्रैल को उसी जगह जहां चप्पल मिला था वहां शव प्राप्त होता है। पुलिस को सूचना देकर जयकरन पुत्र कल्ला, प्रमोद यादव पुत्र दुलीचंद, रामसहाय पुत्र लक्खू, मुकेश पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित परिवार बता रहें है कि उक्त लोगों ने मृतक के साथ पहले भी कई बार मारपीट कर चुके हैं। उन्हें धमकी देते थे कि जान से मार देंगे। अब रिश्तेदार के माध्यम से धमकी देते हैं कि अगर पुलिस कार्यवाही की तो तुम लोगों को भी जान से मार देंगे लेकिन पुलिस न तो आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है और न पीड़िता की कोई मदद कर रही न कोई सुरक्षा दे रही है। सवर्ण आर्मी जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी ने हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया और पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# आम के पेड़ में फांसी लगाकर दी जान

बांदा- जसपुरा थाना क्षेत्र के बजरंग डेरा मजरा नारायण में एक युवक ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि 45 वर्षीय जय सिंह पुत्र जगराम यादव निवासी बजरंग डेरा मजरा नारायण ने अपने डेरा ट्यूबेल में पहुंचकर आम के पेड़ में अपनी साफी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर जान दे दी। वही मृतक जय सिंह के चाचा बलवान सिंह ने बताया कि दोपहर में जय सिंह अपने घर से ट्यूबेल गया था। उसी समय आम के पेड़ पर अपनी ही साफी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर जान दे दी। मृतक शराब पीने का आदी बताया गया है।घर पर किसी भी प्रकार का कोई कहा सुनी नही हुई है। मृतक चार भाइयो में से सबसे बड़ा था। छोटे भाई शिव सिंह, मानसिंह, ज्ञान सिंह, पुत्रगण जगराम यादव है। घटना की सूचना थाना जसपुरा में दी गई। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह रजावत ने बताया कि प्रथम द्रष्टया आत्महत्या बताया जाता है फिर भी सही जानकारी पीएम रिपोर्ट के आने पर ही चलेगा जांच कि जा रही है।

# अस्थाई गौशाला में मिला अव्यवस्थाओं का अंबार



बांदा-जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। कहा कि कमासिन रोड ओरन, क्षेत्र बिसंडा की गौशाला में रात्रि में पहुंचे। वहां पाया कि कुछ गौवंश बाहर पुआल के ढेर में बैठे हैं। कुछ गौशाला के अंदर मिले। गौवंश की हालत देखते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा है कि गौवंश को खाने पीने की उचित व्यवस्था नहीं है। खाने में केवल पुआल दिया जा रहा है जो कि गौवंश के लिए हानिकारक है जिससे गौवंश भरपेट भोजन नहीं पाते और बीमार होकर या भूख से दम तोड देते हैं। इस दौरान गौवंश काफी कमजोर दिखाई दिए। कुछ बीमारी की हालत में दिखे। छाया के लिए कोई प्रबंध नहीं पाया गया और भोजन के रूप में केवल पुआल पाया गया। मौके पर पानी, और भोजन के अन्य श्रोत का कोई अता पता नहीं चला। एक भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। एक तरफ का दरवाजा खुला पाया गया जिससे बाहर के जानवर अंदर और अंदर के जानवर बाहर आ जा सकते हैं। उन्होंने जिलाधिकारी सहित उच्चाधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर कार्यवाही की मांग की है।

# पता नहीं क्यों ?. ए आरटीओ कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार नहीं रुक पा रहा है

## इस कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में जनपद के जिला अधिकारी ने भी पता नहीं क्यों ? साध रखी है चुप्पी



लोकजन संदेश

कानपुर देहात जहां एक तरफ भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध जोरदार मुहिम चलाने की बात कही जा रही है वहीं जनपद कानपुर देहात के ए आरटीओ कार्यालय में चरम सीमा पर व्याप्त भ्रष्टाचार वाहन स्वामियों एवं आम जनमानस के लिए भारी मुसीबत का सबक बना हुआ है। इस कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं कार्यालय का संचालन कर रहे बिना वेतन वाले निजी कर्मचारियों के संबंध में जनपद के जिला अधिकारी को पूरी जानकारी होने के बाद भी पता नहीं क्यों जिलाधिकारी महोदय भी मौन बनकर यह नजारा देख रहे हैं.... भरोसेमंद सूत्रों की माने तो अमेठी जनपद के मूल निवासी ए आरटीओ प्रशांत तिवारी द्वारा अपने आपको अमेठी की एक सांसद का करीबी बात करके यहां अपना पूरा जलजला कायम कर रखा गया है जिसके फल स्वरुप उपरोक्त कार्यालय में भ्रष्टाचार जैसे काले कारनामे के चल रहे खेल की पूरी जानकारी होने के बाद भी कोई भी अधिकारी इस कार्यालय में चरम सीमा पर व्याप्त भ्रष्टाचार का विरोध करने का साहस नहीं जुटा पा रहा है जिसके फल स्वरुप उपरोक्त कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस में आधा सैकड़ा से अधिक दलाल पूरे कार्य दिवस मौजूद रहकर इस कार्यालय में अपना काम लेकर आने वाले लोगों को अपने जाल में फंसा कर दलाली जैसे धंधे को अंजाम दे रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के आधार पर.... इस कार्यालय में ए आरटीओ प्रशासन के पद पर कार्यरत मनोज वर्मा का जनपद कानपुर देहात सेबीते वर्ष वर्ष स्थानांतरण होने के बाद इस कार्यालय का कार्यभार ए आरटीओ प्रशांत तिवारी ने ग्रहण किया था कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करने के बाद उपरोक्त अधिकारी ने इस कार्यालय मे दलालों तथा प्राइवेट कर्मचारियों को संरक्षण देकर इस कार्यालय को भ्रष्टाचार का प्रमुख अड्डा बना दिया जिसके फल स्वरुप उपरोक्त कार्यालय में बिना रिश्वत दिए हुए कोई काम नहीं होता है..... भरोसेमंद सूत्रों ने बताया है कि उपरोक्त कार्यालय के अधिकारी के करीबी दलाल अजीत यादव एवं बागेंद्र, तथा उपेंद्र द्विवेदी द्वारा पूरे दिन इस कार्यालय परिसर में घूम-घूम कर रिश्वत की धनराशि दलालों से वसूल की जाती है इतना ही नहीं उपरोक्त कार्यालय के अधिकारी के पालतू दलालों के द्वारा सिर्फ इस कार्यालय में मौजूद रहने वाले दलालों से ही रिश्वत की धनराशी ली जाती है.... बुधवार को इस कार्यालय में उपस्थित वाहनों के कुछ स्वामियों ने अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि उपरोक्त कार्यालय भ्रष्टाचार का प्रमुख अड्डा है बिना रिश्वत के उपरोक्त कार्यालय में कोई काम नहीं होता है इस कार्यालय में चरम सीमा पर व्याप्त भ्रष्टाचार की जानकारी होने के बाद भी पता नहीं क्यों जनपद के जिला अधिकारी भी एकदम मौन है।

# तालाब पर उतराता मिला भाई बहन का शव

बांदा-घर से सुबह गायब हुए दोनों भाई-बहन का शव तालाब में उतराता मिला। इसके पूर्व परिजनों ने दोनों भाई-बहनों की खोज आसपास के गांव और मोहल्ले में किया था लेकिन दोनों नहीं मिले थे। शनिवार की शाम बबेरू कोतवाली क्षेत्र के भदेहदू गांव में दोनों बच्चों के शव घर के कुछ दूर स्थित तालाब पर उतराता मिला। परिजनों को जानकारी मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

# टक्कर से घायल

बांदा-बबेरू के ग्राम हरदौली निवासी शमसाद ने पुलिस को दी तहरीर दी है। बताया है कि बीते 6 अप्रैल की शाम छोटा भाई राजाबाबू पुत्र सलीम कुरैशी ग्राम कोरही से घर आ रहा था। जैसे ही ग्राम कैरी के पास बाइक पहुंची। तभी तेज रफ्तार बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार घायल कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत देख रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपित बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# रोहित कटियार को कांग्रेस ने विधानसभा सिकंदरा का को-आर्डिनेटर बनाया



लोकजन संदेश

कानपुर देहात लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टियां कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है इसी प्रकार कांग्रेस पार्टी द्वारा इंडिया गठबन्धन को मज़बूत करने के लिए और सहयोगी दलों के साथ समन्वय के लिए विधानसभा स्तर पर को-आर्डिनेटर नियुक्त किए है इसी क्रम में पार्टी ने सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र की ज़िम्मेदारी पार्टी ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रोहित कटियार को सौंपी। इसी प्रकार अशोक सिंह व राकेश दोहरे को राजपुर, डाञ्अजय यादव व तारिक निज़ामी को डेरापुर एवम डालचंद्र कुशवाहा व मोज़फ़िरोज़ संदलपुर ब्लाक की ज़िम्मेदारी सौंपी गई ।।

# भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन से उमड़ा जनसैलाब




लोक जन संदेश बिल्हौर / सुरजीत पाल

बिल्हौर,भाजपा की बिल्हौर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन बिल्हौर विधानसभा के अक्षय पैलेस पर आयोजित किया गया। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा गया। मुख्य अतिथि अर्चना पाण्डेय ने कहा कि भाजपा बूथ अध्यक्ष के दम पर ही चुनाव जीतेगी।भाजपा के नेताओं को वोट देकर पूर्ण समर्थन मिलेगा। मुख्य अतिथि ने स्पष्ट कहा कि भाजपा इस लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता भारत माता के स्वाभिमान के लिए कार्य करता है। भाजपा के सभी बूथ अध्यक्ष ईमानदार और लगन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मजबूती से लगे हैं। मिशन 2024 को कार्यकर्ता मजबूती से प्राप्त करेंगे।जिले के प्रभारी राधेश्याम पाण्डेय ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिले में बीजेपी अन्य राजनीतिक पार्टियों से अलग थीम पर चल रही है। बीजेपी अपने पन्ना प्रमुखों के जरिए एक-एक मतदाता तक पहुंच बना चुकी है। बीजेपी ने अपना फोकस बूथों पर केंद्रित किया है। इसके साथ ही सभी बड़े नेता, मंत्री, सांसद, संगठन के पदाधिकारियों को भी बूथों से जोड़ा है। बीजेपी के सभी छोटे-बड़े नेता रात में विश्राम कर सीधे मतदाताओं से जुड़ रहे हैं।मीडिया प्रभारी अंशुल बाजपेई ने बताया कि मिश्रिख लोकसभा 32 की बिल्हौर विधानसभा में संगठन के अनुसार 6 मण्डल हैं।विधानसभा में भाजपा ने 60 फीसदी बूथ अध्यक्षों को बदलने का काम कर लिया है।इसके साथ ही पन्ना प्रमुखों की तैनाती काफी समय पहले कर दी गई थी। प्रत्येक पन्ना प्रमुख को 60 वोटों पर फोकस करने का टारगेट दिया गया है। पन्ना प्रमुख एक-एक वोटर से मिलकर पार्टी के पक्ष में वोट कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीजेपी ने बूथों पर चक्रव्यूह रच दिया है। इसके साथ ही बीजेपी ने जिन बूथों पर जीत दर्ज की थी। उन सभी बूथों पर 370 वोट बढ़ने का लक्ष्य रखा है।मंच पर प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि अर्चना पाण्डेय, लोक सभा प्रभारी अशोक सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी,बिल्हौर विधानसभा के विधायक राहुल बच्चा सोनकर, भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत,जिला प्रभारी राधे श्याम पाण्डेय,विधानसभा प्रभारी श्रीकृष्ण दीक्षित ,विधानसभा संयोजक जय प्रकाश कटियार, मांधना संयोजक सांसद प्रतिनिधि रवि बाजपेई,भानु पंडित, विशाल सैनी, अनुराग द्विवेदी, ककवन मंडल अध्यक्ष सानू राठौर, बिल्हौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार, अमन वर्मा के साथ जिले के पदाधिकारी गण,विधान सभा के जन प्रतिनिधि गण,मण्डल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# बाबा साहब के जन्मोत्सव पर घम्म संगीत व विचार गोष्ठी का आयोजन



कानपुर नगर- रविवार को अंबेडकरपुरम आवास विकास अंबेडकर पार्क अंबेडकर भवन में दो दिवसीय बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 133 में जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम कियाऔर अंबेडकरवादी संगठन द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए मुख्य वक्ता के रूप में आर डी चंद्रहास डॉ आर पी सिंह मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर एमपी सिंह पृथ्वी पाल डॉक्टर रीना आर्य उपस्थिति रही कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर विकास समिति कानपुर द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष इंजीनियर ओपी सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गौतम महामंत्री अमरपाल गौतम कोष अध्यक्ष बृजेंद्र लाल व सैकड़ो की संख्या में अंबेडकरवादी विचारधारा के लोग उपस्थित हुए इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गौतम ने मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और उन्होंने सर्व समाज को अंबेडकर की विचारधारा पर चलने का आग्रह किया

# 28 अप्रैल को अभिनेता मुश्ताक खान शहर में



कानपुर। बॉलीवुड अभिनेता मुश्ताक खान 28 अप्रैल को कानपुर शहर आ रहे हैं। निदेशक प्रमोद गुप्ता की ओर से गोविन्द नगर स्थित दीप होटल में आयोजित सेमिनार में मुश्ताक खान नए कलाकारों को अभिनय की बारीकियां सिखाएंगे। वहीं अच्छे कलाकारों को एमीनेंट अवॉर्ड से सम्मानित भी किया जाएगा। निदेशक प्रमोद गुप्ता कई फिल्मों और टीवी शो में काम कर चुके हैं। लघु फिल्म चक, कोरोना, मंज़र, चरित्र हीन, लव जेहाद जैसी फिल्मों के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वे जल्द एक और 5 मई से अभिनय की कार्यशाला भी करेंगे। इसमें नए कलाकारों को एक्टिंग की वर्कशॉप और डांसिंग की वर्कशॉप दी जाएगी जिससे नए कलाकार को बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा जो बच्चे वर्कशॉप जॉइन करेंगे उनको आगामी फिल्म में काम दिया जाएगा फिल्म 25 मई से शूटिंग कानपुर में होगी

# महिला कैदी से रेप के मामले में पुलिस की सफाई

(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

जीन्द जिला कारागार में बंद एक महिला कैदी से रेप के मामले में उस समय मोड़ आ गया जब पुलिस अधीक्षक ने दावा किया कि घटना वाले दिन आरोपी दो कैदियों में से एक कैदी रोहतक गया ही नहीं था। जींद जिला जेल में सजा काट रही महिला के साथ रोहतक पीजीआई में खड़ी पुलिस वैन में दुष्कर्म के मामले ने पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान लगा दिया था। इस मामले में पुलिस विभिन्न स्तरों पर जांच कर रही है। जेल प्रशासन अलग से जांच में जुटा है जबकि पुलिस अलग से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि महिला कैदी ने 20 फरवरी को जिन दो कैदियों पर रेप के आरोप लगाए हैं उनमें से एक कैदी तो उस दिन रोहतक ले जाया ही नहीं गया था। वह जींद जेल में ही बंद था। पुलिस मामले में हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। जींद के एसपी सुमित कुमार ने बताया कि महिला कैदी ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसे 20 फरवरी को इलाज के लिए रोहतक पीजीआई ले जाया गया था। यहां पुलिस वैन में दो कैदियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने जिन दो कैदियों पर आरोप लगाए हैं उनमें से एक तो उस दिन पीजीआई रोहतक नहीं गया था। महिला मानसिक तौर पर बीमार है और उसका इलाज चल रहा है। जींद एसपी ने कहा कि महिला कैदी ने 2 महीने बाद इसकी शिकायत दी है। घटना पीजीआई के सामने की बताई जा रही है। पुलिस वैन में जालियां लगी हुई है हर समय वैन में दो पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं। ऐसे में इस प्रकार के आरोप निराधार लग रहे हैं, लेकिन मामले की गहनता से जांच की जा रही है मामला काफी संवेदनशील बनता जा रहा है। शदुष्कर्म के आरोप लगाने वाली महिला कैदी एक बड़ी राष्ट्रीय पार्टी की पदाधिकारी थी। वर्ष 2017 में उन्हें पद से हटाया गया था। इसके बाद में वह गाड़ी में 4 किलो 490 ग्राम चरस के साथ पकड़ी गई थी। महिला को 3 साल पहले कोर्ट ने 15 साल की सजा सुनाई थी। महिला जेल में सुसाइड का प्रयास कर चुकी है और जेल वार्डन से हाथापाई के आरोप भी महिला कैदी पर लग चुके हैं। फिलहाल उसका पीजीआई रोहतक में मनोरोग का इलाज चल रहा है।

# टोल प्लाजा के मैनेजर को गोलियां मार कर हत्या करने के प्रयास में मुख्य इनामी आरोपी को सीआईए स्टाफ जींद ने दबोचा




(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

जींद , पकड़े गए आरोपों पर हत्या, हत्या के प्रयास, गिरोह बंदी व अन्य धाराओं के तहत लगभग आधा दर्जन मामले दर्ज है।अप्रैल 2023 में गांव खटकड़ के पास बने टोल प्लाजा पर दबाव बनाने व बिना टोल दिए गाड़ियां निकलने को लेकर टोल प्लाजा के मैनेजर को गोलियां मार कर हत्या करने के प्रयास में मुख्य आरोपी को सीआईए स्टाफ जींद ने काबू किया है। आरोपी गांव खटकड़ का ही रहने वाला है। जानकारी देते हुए इंचार्ज सीआईए स्टाफ जींद मनीष कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल 2023 को टेलीफोन के माध्यम से नागरिक अस्पताल जींद से उचाना थाना में सूचना प्राप्त हुई कि टोल प्लाजा खटकड़ पर काम करने वाले राजकुमार गोलियां लगने के कारण नागरिक अस्पताल जींद में दाखिल था जिसको इलाज के लिए रोहतक पीजीआई में रेफर कर दिया गया है। जिस सूचना पर जींद पुलिस ने घायल राजकुमार का बयान अंकित किया गया और हत्या के प्रयास का मामला थाना उचाना में दर्ज किया गया। इस मामले में आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार ने अलग-अलग टीमों का गठन किया। जिसमें परिणाम स्वरुप सीआईए स्टाफ जींद ने पहले दो आरोपियों रोबिन वासी गुड्डा जिला सोनीपत, मोहित वासी शामलों कलां व आशु खान वासी चुलकाना जिला पानीपत को गिरफ्तार कर लिया था इसमें मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी बकाया थी जिसे पकड़ने के लिए पुलिस निरंतर छापेमारी कर रही थी। आरोपी पर पुलिस विभाग द्वारा ?25000 का इनाम भी घोषित किया गया था। परिणाम स्वरूप मुख्य आरोपी और घटना के मुख्य साजिशकर्ता को भी सीआईए स्टाफ जींद ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी को आज अदालत में पेश करके 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है जिस दौरान आरोपी से घटना में प्रयोग किए गए पिस्तौल को बरामद करके अन्य साक्ष्य जुटाए जाएंगे।

# मंडियों से गेहूं उठान के कार्य में लाएं तेजी: एसडीएम राकेश सैनी



(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

जींद के एसडीएम राकेश सैनी ने शनिवार को जींद की अनाज मंडी में पहुंचकर किसानों को गेंहू बिक्री के लिए दिये जाने वाले गेट पास की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों द्वारा मंडी में गेहूं लाने के लिए गेट पास अनिवार्य होने के कारण इसको शेड्यूल अनुसार ही पूरी पारदर्शिता के साथ जारी किया जाए। एसडीएम ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार अनाज मंडियों में अधिक आवक के कारण रविवार को अनाज मंडियां पूर्ण रूप से बंद रहेगी ताकि जो गेहूं पहले आई हुई है, उसका उठान हो सके, उसके बाद ही आगे आने वाली गेहूं को खरीदा जाएगा। इस कार्य से किसानों व व्यापारियों के समय की बचत भी होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गेंहू खरीद व उठान कार्यो में और तेजी लाएं। खरीद ऐजेंसियों के प्रतिनिधि व लिफ्टिंग के कार्य में लगे ठेकेदार आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त श्रमिक तथा ट्रांसपोर्टर का प्रबंध कर अगले 24 घंटे में कम से कम 50 प्रतिशत गेहूं का उठान अवश्य करवाएं। एसडीएम ने कहा कि अनाज मंडियों में एक साथ अधिक मात्रा में गेंहू आने के कारण मंडियों में व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए गेहूं का उठान कार्य करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडियों में आवागमन बाधित नहीं हो। इतना ही नहीं फसल की राशि का भुगतान भी नियमानुसार समय पर किया जाये । उन्होंने निर्देश दिए कि यदि मंडियों में व्यापारियों और किसानों को कोई समस्या आती है तो प्राथमिकता के आधार पर उसका समाधान किया जाये। संबंधित एजेंसियां और ट्रांसपोर्टर उठान का कार्य तेजी से करें, ताकि मंडी में अपनी फसल को लेकर आने वाले दूसरे किसानों को जगह और जाम जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए बिजली, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं निरंतर ठीक प्रकार से होनी चाहिए। इस मौके पर उन्होंने किसानों व आढ़तियों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने व्यापारियों को कहा कि वे गेहूं खरीद प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दें। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि तय मापदंड अनुसार तथा दिए गए शेड्यूल के अनुसार ही मंडियों में फसल लेकर आएं, ताकि फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। इस अवसर पर अनाज मंडी के सचिव संजीव कुमार व फूड ग्रीन एसोसिएशन के प्रधान मनीष गोयल भी उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्र से चोर को पकड़ने आई पुलिस के साथ हाथापाई कर आरोपी को भगाने के आरोप में 15-20 लोगो पर मुकदमा दर्ज


(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

जींद/नरवाना- महाराष्ट्र के पुणे से नौ लाख रुपये का सोना चोरी करने के आरोपी को नरवाना के धमतान साहिब पकड़ने आई महाराष्ट्र पुलिस के साथ हाथापाई करके ग्रामीणों ने आरोपी को छुड़वा लिया। महाराष्ट्र पुलिस की शिकायत पर गढ़ी थाना पुलिस ने 14 लोगों को नामजद करते हुए 15-20 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। 17 फरवरी को महाराष्ट्र के शहर पुणे में एक ट्रॉली बैग की चेन तोड़कर साढ़े नौ लाख रुपये का सोना चोरी होने का मामला सामने आया था। चोरी का मामला लोह मार्ग थाना पुलिस ने दर्ज किया था। सहायक पुलिस निरीक्षक युवराज मारुति कलकुटगे ने सीसीटीवी की जांच की तो पाया कि नरवाना के धमतान साहिब गांव निवासी विजय तथा उसके दो अन्य साथियों ने सोना चोरी किया है। जांच के बाद युवराज को जब पक्का यकीन हो गया कि विजय गांव धमतान साहिब का है तो उन्होंने जींद पुलिस से संपर्क किया। युवराज अपनी टीम के हवलदार सुनील कदम, अनिल टेके, अनिल कामले, नायक निलेश बिडकर, हवलदार अमरदीप सालुंखे, इम्तियाज आवटी, नायक सचिन राठौर तथा रेलवे सुरक्षा बल थाना पुणे के विशाल मोरे, सिपाही विशाल, सिपाही केएस फुलारी के साथ पुलिस चौकी धमतान साहिब पहुंचे। पुलिस सहायता लेकर वह वीरवार दोपहर धमतान साहिब पहुंचे और विजय को पकड़ लिया। उसे जब गाड़ी में डालकर निकलने वाले थे तो काफी संख्या में ग्रामीण गाड़ी के सामने आ गए और हाथापाई करके पुलिस टीम से विजय को छुड़वा लिया। इसके बाद पुलिस टीम लौट गई और विजय फरार हो गया। युवराज ने आरोप लगाया कि धमतान साहिब निवासी ओमा, ओमी, रोनी, रितिक, रोहित, विजय, अनिल, बुल्ली, रविंद्र, विशाल, आशीष, संजय, सुरजा व 15-20 अन्य लोगों ने पुलिस टीम के साथ हाथापाई की और आरोपी को छुड़वा ले गए। गढ़ी थाना के जांच अधिकारी एसआई जसबीर सिंह ने कहा कि पुलिस ने 14 लोगों को इस मामले में नामजद किया है तथा 15-20 अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# क्षेत्र की बालिकाओं ने शिक्षा की जगत में दिखाए दमखम

लोक जन संदेश।

बहराइच बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। तहसील कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कुडोनी निवासी मदनी इंटर कॉलेज की छात्रा रूमी खातून पुत्री सजीमअहमद ने इंटर में 82त्न अंक पाकर स्कूल का सम्मान बढ़ाया वही सरदार पटेल इंटर कॉलेज की छात्रा साजिया पुत्री मुजीब अहमद ने 72त्न अंक पाकर सरदार पटेल इंटर कॉलेज स्कूल का सम्मान बढ़ायामदनी इंटर कॉलेज की छात्रा लाइबा पुत्री जियाऊद्दीन ने हाई स्कूल में 84त्न अंक प्राप्त किया मोहम्मद साद पुत्र अम्मारअहमद ने हाई स्कूल में 90त्न वही सिदरा वारसी पुत्र अममार अहमद वारसी ने इंटर में 78त्न अंक प्राप्त किया राजकीय इंटर कॉलेज सौगहना की छात्रा इकरा बेगम पुत्री मुजिबुल हसन हाई स्कूल में 85त्न अंक पाकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया मुस्कान पुत्री मुजिबुल हसन निवासी सखौता ने इन्टर में 80त्न अंक प्राप्त किया सरदार पटेल इंटर कॉलेज के छात्र राजन पुत्र राजेश इंटर में 81त्नअंक पर कर क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया निदा पुत्री मोहम्मद हाशिम निवासी सखौटा ने हाई स्कूल में 85त्न अंक पाकर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया मदनी इंटर कॉलेज की छात्रा महक परवीन पुत्री डॉक्टर मोहम्मद इमरान ने 72 परसेंट इंटर में और उसका भाई मोहम्मद उस्मान पुत्र डॉक्टर मोहम्मद इमरान निवासी फखरपुर ने मदनी इंटर कॉलेज में 79 परसेंट इंटर में अंक पाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया मदनी इंटर कॉलेज की छात्रा रूमी ने बताया मेरे पढ़ाई के पीछे मेरे भाई सकीम अहमद उर्फ राजू का सहयोग दिया जा रहा है जिसके लिए मैं उनका पूर्ण रूप से धन्यवाद देती हूं मीडिया के समझ अपनी बातों का रखते हुए बताया मेरे भाई द्वारा आईएएस की तैयारी करने का ठान रखी है जिसको पूर्ण करने का वचन देती हूं मैं मेहनत और लगन से पढ़कर आईएएस की तैयारी करूगी और अपने बहराइच जनपद का नाम रोशन करूंगी अपने घर और परिवार के सभी लोगों को बधाई देती हूं आगे भविष्य में मैं इस की तैयारी में रहूंगी जिसके लिए अपने भाई का सहयोग बराबर लेती रहूंगी।



# फैजान खान ने यूपी बोर्ड में 74 % अंक पाकर श्री शंकराचार्य इण्टर कालेज बल्दीराय का बढ़ाया मान



आबाद अहमद

सुल्तानपुर बल्दीराय तहसील अंतर्गत फैजान खान पुत्र डा0 शकील खान निवासी ग्रामसभा नंदौली का छात्र श्री शंकराचार्य इंटर कालेज बल्दीराय में शिक्षा ग्रहण करता है और सदैव मेहनत व लगन से अपनी पढ़ाई करता था पढ़ाई के प्रति मेहनत करना उसका प्रथम वरीयता रहती थी इस बार यूपी बोर्ड के 12वीं परिणाम में 500/370 अंक पाकर अपने इंटर कॉलेज का नाम रोशन किया है फैजान खान का कहना है की आज जो मुझे ये मुकाम मिला है वो हमारे गुरुजन व माता पिता का श्रेय है जिसका मैं सदैव आभारी रहूंगा और उनकी दुआओं का तलबगार रहूंगा। फैजान के परिवार जनों में खुशी का माहौल बना हुआ है सभी लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करके खुशियां मना रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

# मोबाइल चोर को डिटेक्टिव स्टाफ जींद ने किया काबू ,अलग-अलग स्थानों से चोरी किये पांच मोबाइल फ़ोन किये बरामद




(लोकजन

दिनांक 08.04.2024 को जसबीर वासी गोसाई खेड़ा ने थाना सिविल लाइन में एक शिकायत दी की वह अमावस्या के दिन पांडू पिंडारा तीर्थ पर गया हुआ था जहां उसका फोन चोरी हो गया है। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने वह चोरी की वारदातों में शामिल अपराधियों को सलाखों के पीछे डालने के लिए दिए गए सख्त दिशा निर्देशों की पालना करते हुए डिटेक्टिव स्टाफ जींद इंचार्ज कुलदीप सिंह के नेतृत्व में से डिटेक्टिव स्टाफ जींद ने एक आरोपी को चोरी के मोबाइल सहित काबू किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान नीरज उर्फ तोता वासी कृष्णा कॉलोनी जींद के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि चोरी की वारदातों को सुलझाने के लिए डिटेक्टिव स्टाफ निरंतर प्रयासरत रहता है। डिटेक्टिव स्टाफ की जींद की एक टीम अपराधों की रोकथाम के लिए गोहाना रोड जींद पर मौजूद थी कि एएसआई राजेश कुमार को गुप्त सूचना मिली जिसके आधार पर जेल के पास रेलवे लाइन से एक आरोपी को काबू किया। काबू किए गए आरोपों की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक फोन ब्रह्म दुआ पुलिस की जांच में पाया गया कि यह मोबाइल फोन पिंडारा तीर्थ स्थल से चोरी हुआ था। चोरी का फोन बरामद होने पर आरोपी को गिरफ्तार करके गहनता से पूछताछ अमल में लाई गई तो आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है और अपने नशे की पूर्ति के लिए वह चोरियां करता है उसने अलग-अलग साथनों से मोबाइल चोरी किए हैं। आरोपी ने पूछताछ पर पांच मोबाइल फोन बरामद करवाए हैं जो उसने अपने नशे की पूर्ति के लिए अलग-अलग स्थान से चोरी किए थे। आरोपी को न्यायालय में पेश करके जिला जेल जींद भेज दिया गया है।

# बहराइच लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी रमेश गौतम आज करेंगें नामांकन



लोक जन संदेश।

बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। समाजवादी पार्टी प्रवक्ता अर्जुन गुप्ता की सूचनानुसार 56 बहराइच लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन से घोषित सपा प्रत्याशी पूर्व विधायक रमेश गौतम कल 22 अप्रेल सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत करेंगे। अर्जुन गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर इण्डिया गठबंधन के सभी नेतागण,जन प्रतिनिधि, पदाधिकारी कार्यकर्ता समर्थक सोमवार प्रात: 09 बजे सपा जिला कार्यालय आर टी ओ आफिस पहुंच कर कलेक्ट्रेट के लिए रवाना होंगे।

# सुम्बुल ने हाईस्कूल में 93.8 एवं तीन विषयों में 99 अंक प्राप्त कर जरवल कस्बे का नाम किया रोशन



लोक जन संदेश।

बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। जिला बहराइच की तहसील कैसरगंज के मशहूर जरवल कस्बा स्थित फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज की होनहार छात्रा कुमारी सुम्बुल माज पुत्री शकील अहमद सिद्दीकी ने वर्ष 2024 के घोषित यूपी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में 93.8त्न अंक प्राप्त कर जरवल कस्बे,अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया हैद्य इस छात्रा ने अंग्रेजी,गणित व विज्ञान विषयों में 99त्न नंबर प्राप्त किए हैंद्य विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तरन्नुम अकरम एवं प्रबंधक सैयद इब्ने हसन काजमी ने इस छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# अधिवक्ता कल्याणकारी योजना को लागु करने वाले दल के साथ है अधिवक्ता

## अधिवक्ताओं के हित में आज तक किसी सरकार ने कोई कार्य नहीं किया, कानपुर संसदीय सीट को लेकर अधिवक्ता बटे दो हिस्सों में



लोक जनसंदेश

कानपुर । जैसे जैसे गर्मी में पारा चढ़ रहा है और गर्मी की तपिश से लोग बेहाल है वैसे ही पहले चरण के मतदान के बाद सभी राजनैतिक पार्टियाँ अपनी अपनी जीत के दावे करके राजनीती को गर्मा रहे है आपको बताते चले की दैनिक लोक जनसंदेश और यू पी सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त न्यूज़ एजेंसी जनमत न्यूज़ व शिवोहम एंटरटेनमेंट एंड मीडिया क्रियेशन संयुक्त रूप से लोक सभा चुनाव को लेकर विज़न भारत नाम से कार्यक्रम आयोजित कर रहे है जिसके माध्यम से हम जानने का प्रयास किस विज़न के माध्यम से जन प्रतिनिधि चुनाव में उतर रहे है और वरिष्ठ नागरिको और आम जन की ऐसे में कानपुर में होने वाले 13 मई के मतदान को लेकर हमारी टीम कानपुर कचहरी में अधिवक्ताओं की राय जानी में जिसमे लायर्स और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महामंत्री और वरिष्ठ व युवा अधिवक्ताओं ने अपनी अपनी राय रखी यहाँ पर भी अधिवक्ताओं से चर्चा के दौरान सत्ता दल, विपक्षी दल अधिवक्ताओं की बातों में हावी दिखा जिसमे प्रमोद द्विवेदी, अध्यक्ष बार एसोशियेशन कानपुर ने सत्ताधारी बीजेपी के पिछले दस सालो में किये गए कार्यो से संतुष्ट दिखे और पुरानी सरकारों में जो कार्य नहीं हुए वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कार्य आसानी से हो रहे है अगर यह सरकार फिर से आती है तो जो कार्य रह गए है वह भी किये जायेंगे, राम मंदिर धारा 370, पकिस्तान पर एयर स्ट्राइक या फिर अन्य देशो से सम्बन्ध की बात हो सभी मोर्चो पर सरकार सफल रही है वही बार महामंत्री आदित्य सिंह ने कहा की ऐसे तो कई मुद्दे शहर में है जिन पर कार्य होना चाहिए लेकिन जो प्रमुख मांग हम सबकी है वह है कानपुर कचहरी की पार्किंग, जिसके कारण काफी असुविधा का सामना अधिवक्ताओं के साथ साथ यहाँ आने वाले लोगो को भी करना पड़ता है मुझे उम्मीद है कि इस बार जो भी सरकार बने कानपुर के सांसद, क्षेत्रीय विधायक व नगर निगम इस ओर ध्यान दे और पार्किंग की समस्या से हम लोगो को निजात मिले

वरिष्ठ अधिवक्ता पवन कुमार तिवारी ने भी वर्तमान सरकर के कार्यो से सहमती जताई उनका कहना था की पुरानी सरकार में जो कार्य नहीं हो पाते थे इस सरकार में हो रहे जिनका सीधा लाभ आम जनमानस को मिल रहा है जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल योजना, किसान बीमा हो या फिर हाई वे निर्माण हो सभी जगहों में सरकार ने काम किया है

रविन्द्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष लायर्स एशोशिएशन ने कहा की आज़ादी से लेकर अभी तक अधिवक्ताओं के हित में कोई भी कार्य नहीं किया गया बड़े दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज़ादी से लेकर आज तक क्योंकि देश का चुनाव है इस लिए देश की बात कर रहा हूँ अधिवक्ताओं के लिए किसी भी सरकार ने कोई कार्य नहीं किया अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा, पेंशन, प्रोस्त्साहन योजना ऐसी कई योजनाएं किसी भी सरकार ने लागु नहीं की चाहे कोई भी दल हो वह अधिवक्ताओं का सर्वाधिक प्रयोग करता है इस बार हम लोगो ने यह विचार बनाया है कि जो भी दल अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओ को अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगा हम उस दल के साथ है और उनका सहयोग करेंगे मौजूदा सरकार में मुख्य मुद्दा महंगाई, बेरोजगारी और आवास है इस पर सरकार को कार्य करना चाहिए

वही अभिषेक तिवारी लायर्स महामंत्री ने भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यो और लाभकारी योजनाओ को महत्वपूर्ण बताया अभिषेक तिवारी ने कहा की सरकार कोई भी आए अगर गरीब, आम आदमी को रोटी कपडा और मकान जो मुख्य जरूरते होती है उनको सरकार को पूरा करना चाहिए और भारतीय जनता पार्टी ने अपने दस साल के कार्यकाल में करीब करीब यह कार्य पूरे किये है और गरीब वंचित और असहाय लोगो तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुचने का कार्य किया है कुल मिला कर इस चुनावी चर्चा में वरिष्ठ व युवा अधिवक्ताओं ने इस बात को स्वीकार किया की कही न कही कानपुर विकास को लेकर उतना आगे नहीं बढ़ पाया जितना कानपुर को आगे बढ़ना चाहिए था

## न्यू तुलसी हॉस्पिटल एड् सर्जिकल सेंटर ने धूमधाम से मनायी अपनी तीसरा वर्षगांठ





कानपुर नगर- रविवार को कल्याणपुर स्थित न्यू तुलसी हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर ने अपनी तीसरी बडी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई वर्षगांठ के शुभ अवसर पर कल्याणपुर विधायिका श्रीमती नीलिमा कटियार बिठूर विधायक माननीय अभिजीत सिंह सांगा बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने उपस्थित होकर अस्पताल के डायरेक्टर दीपक निषाद को शुभकामनाएं दी इस अवसर पर माननीय बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने दीपक निषाद व उनके समस्त स्टाफ को बधाई दी और शुभकामनाएं दी कि वह आगे और तरक्की करें वर्षगांठ के अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ विजय साहू डॉ विशाल कुशवाहा डॉक्टर सूरज प्रदीप यादव आकाश कमलेश कुमार आदि समस्त हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहा

# अपराधियों के खिलाफ सफल इंस्पेक्टर सुनील सिंह का परिश्रम ,फजलगंज में एक और शातिर गिरफ्तार

## गिरफ्तार अपराधी के कब्जे से लूट और चोरी में प्रयोग किए जाने वाला समान और नकदी आदि आदि भी बरामद





सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले फजलगंज पुलिस ने एक और शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। पुलिस के अनुसार रत्तू पुरवा बारातशाला टी.पी. नगर थाना बाबूपुरवा निवासी इस शातिर मुहम्मद आसिक उर्फ माइकल पुत्र स्व0 मुहम्मद आजम के पास कब्जे से लूट के कुल 1160/- रू0 व एक मोबाइल रियल मी, एक बै, छेनी, हथौड़ी, पेचकस व दो रिन्च भी बरामद की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक इस शातिर को गिरफ्तार करने में सफलता तब मिली ,जब अपराध नियंत्रण की दिशा में विशेष अभियान के तहत निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की विचारधारा के अनुरूप अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तथा अपनी अब तक की जुझारू नौकरी में इसके पहले भी दर्जनों अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के कठोर परिश्रमी तेजतर्रार और व्यवहार कुशल फजलगंज के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह अपनी टीम के सब इंस्पेक्टर गौरव कुमार, रामकृष्ण मिश्र, लोकेन्द्र सिंह , यूटी संजय कुमार मौर्या कांस्टेबल नवीन तवानिया और कार्तिक कुमार आदि के साथ गश्त पर निकले हुए थे।

पीड़ितों के पक्ष में और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई में अग्रणी माने जाने वाले तथा विभिन्न जनपदों के अपने जुझारू कार्यकाल के दौरान इसके पहले भी घटनाओं का सटीक खुलासा करने के साथ हर तरह के अनेक शातिरों को जेल की हवा खिला चुके सरल और शालीन स्वभाव के जुझारू इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह के बारे में यह भी अवगत कराते चलें कि उनके यूपी पुलिस की सेवा के अबतक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित लोकहित में अपनी धुन के पक्के इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। और अब लोकसभा के चुनावी माहौल में भी चुनौती पूर्ण फजलगंज में चल रही अपनी नियुक्ति के दौरान भी जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह का कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ सफल प्रभावी अभियान लगातार जारी है ,जिसके फलस्वरुप सभी घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अनेक अपराधियों को जेल भी भेजा जा चुका है।

## रमन भुल्लर के कार्यालय का हुआ भव्य शुभारंभ



कानपुर नगर- रविवार को गोविंद नगर में भुल्लर स्पोर्ट अकादमी के डायरेक्टर व युवा समाजसेवी रमन भुल्लर के कार्यालय का शुभारंभ नगर निगम नेता सदन पार्षद नवीन पंडित के कर कमलो द्वारा किया गया रमन भुल्लर स्पोर्ट अकादमी के साथ-साथ समाज सेवा से जुड़े अनेक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं तथा समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य किया करते हैं रमन भुल्लर द्वारा गरीब व पिछला वर्ग के लोगों की भी हर संभव मदद भी की जाती रहती है उनके कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रूप से शिवराम सिंह जसविंदर सिंह सुनील नारंग कार्तिक कपूर गौरव तिवारी सिमरन कौर नीतू सिंह सेगर हैप्पी सिंह तरंगजीत सिंह भाटिया सहज सिंह राजेंद्र सिंह जिंदी समी भल्ला धर्मेंद्र सिंह बाली प्रणवीर सिंह चंदेल आदि बधाई देने वालो मे सैकड़ो लोग उपस्थित रहे

## डॉ नरेंद्र सरस्वती विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया विद्यालय का नाम रोशन




कानपुर माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें डॉ0 नरेंद्र एस0वी0एन0 इंटर कॉलेज पुराना शिवली रोड कल्याणपुर कानपुर के सभी छात्र / छात्राओं ने ससम्मान प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।हाईस्कूल में-अनुष्का वर्मा (91त्न)अभय कुमार बाजपेई (89.5त्न) इशिता सिंह (88.66त्न)दिव्या पाल (86.3त्न) कनिका दीक्षित (83त्न) इंटरमीडिएट में हर्ष कनौजिया (84त्न)अदिति दुबे (84त्न)यशी द्विवेदी (80.60त्न)गोपाल मिश्रा (78.20त्न)उत्कर्ष सिंह चन्देल (78त्न)हाईस्कूल में कुल 44 छात्र-छात्राओं में से 30 ससम्मान तथा शेष सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए । इण्टरमीडिएट में कुल 41 छात्र-छात्राओं में से 20 ससम्मान तथा शेष सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए विद्यालय के प्रबंधक श्री संजय कुमार जी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को अपना आशीर्वचन प्रदान किया साथ ही जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री वीरेंद्र बहादुर सिंह जी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि सफलता प्राप्त करके हमें कभी अपने लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए। साथ ही असफल होने पर हमें कभी भी अपना मनोबल नहीं गिराना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक/अध्यापिका सम्मानित अभिभावक, प्रबंधक श्री संजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य श्री वीरेंद्र बहादुर सिंह. उप-प्रधानाचार्या ब0 कल्पना सिंह जी व कोऑर्डिनेटर श्रीमती सरिता सिंह जी. श्री अजय जी व अन्य गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।

## कानपुर देहात माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद बोर्ड द्वारा घोषित परिणामों में जिले के छात्राओं ने जिले का नाम रोशन किया है





लोकजन संदेश/पुष्पेन्द्र कुमार

कानपुर देहात में संचालित पंडित काशी प्रसाद इंटर कॉलेज की छात्रा ने जिले स्तर पर पांचवा स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं माता पिता का नाम रोशन किया है बताते चलें की हाल ही में माध्यमिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद बोर्ड के द्वारा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था जहां जिले में छात्राओं के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया वहीं शिक्षा में प्रथम स्थान पर रहने वाले पंडित काशी प्रसाद इंटर कॉलेज गुजराई की छात्रा सृष्टि यादव ने जिले में पांचवा स्थान प्राप्त कर जहां विद्यालय का नाम रोशन किया है वहीं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया इसी के चलते रविवार को अंग्रेजी के शिक्षक योगेंद्र यादव के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया और उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस दौरान सृष्टि यादव अभिषेक यादव नैंसी दीप्ति यादव सारिक शाहिद आशीष तिवारी दीपेंद्र कनक यादव मानसी यादव नैना यादव शिवम अंजली यादव को शिक्षक योगेंद्र यादव के द्वारा माला पहनकर सम्मानित किया गया।

## प्रोजेक्ट की नई किरण में 30 मामले में चार लोग खुशी खुशी रहने को हुए तैयार



लोकजन संदेश

कानपुर देहात प्रोजेक्ट नई किरण स्थानीय पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई । नई किरण में 30 मामले आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद 04 परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया । पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गये, शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी । प्रोजेक्ट नई किरण के तहत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस कार्यक्रम में महिला सहायता प्रकोष्ठ प्र0नि0 सीमा सिंह, महिला थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित म0का0 आरती, म0का0 इन्दू, व म0का0 रागिनी (महिला सहायता प्रकोष्ठ) तथा नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण डॉ पूनम गुप्ता व रामप्रकाश आदि मौजूद रहे।

लोकजन संदेश
हिन्दी दैनिक
स्वामी प्रकाशक मुद्रक मो. सलीम द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डन नं. 6-ए/7 रेलबजार कानपुर नगर-208004 से छपवाकर प्रधान कार्यालय 105/55 चमनगंज कानपुर 208001 से प्रकाशित। Email:
knplokjansandesh@gmail.com
lokjansandesh1@gmail.com
R.N.I: UPHIN/2015/68360
समाचार पत्र से प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी आपत्तियां दो सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएंगी। समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे। समाचार पत्र के सभी पद अवैतनिक हैं।
संपादक
मो. सलीम
8840049299